हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 8 जुलाई 2024

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया ]

तापमान

अधिकतम 32.8 डिग्री

न्यूनतम 26.4 डिग्री



नेहरूनगर स्थित गणेश चौक पर अब भी ठेले वालों का कब्जा रहता है। जिससे आने जाने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## खबर संक्षेप

### डिप्टी सीएम साव आज करेंगे विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन



**बिलासपुर।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव सोमवार को नगर निगम के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। साथ ही मुंगेली जिले में माता कर्मा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री साव सोमवार को सुबह 9.45 बजे जिला खेल परिसर, एसईसीएल रेस्ट हाउस के सामने नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने रवाना होंगे। यहां सुबह 10 बजे वे नगर निगम के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। इसके बाद श्री साव सुबह 10.30 बजे मुंगेली जिले के तोरला ग्राम पंचायत के लिए रवाना होंगे। सुबह 11.30 वे तोरला ग्राम पंचायत में आयोजित भक्त माता कर्मा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री साव दोपहर 12 बजे यहां से रायपुर प्रस्थान करेंगे।

### बिजली कटौती पर कांग्रेस का धरना आज

**बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत ब्लॉक क्रमांक 01,02,03 और 04 के द्वारा अपने अपने ब्लॉकों में 8 जुलाई को छत्तीसगढ़ की साय सरकार के जन विरोधी नीति, बिजली दर में वृद्धि और अघोषित कटौती के विरोध में एक दिवसीय धरना -प्रदर्शन किया जाएगा। इसके तहत सोमवार को ब्लॉक 01 में सुबह 11 बजे राजीव गांधी चौक में, ब्लॉक 02 में दोपहर 12.00 बजे दयालबंद बिजली आफिस के सामने, ब्लॉक 03 में सुबह 11.00 बजे नूतन चौक सरकंडा में और ब्लॉक 4 में दोपहर 1.00 बजे तोरवा बिजली आफिस के सामने धरना दिया जाएगा। इस बारे में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ एक सरप्लस बिजली उत्पादन वाला राज्य है ,जो देश के कई राज्यो को बिजली आपूर्ति करता है पर आज छत्तीसगढ़ की गरीब जनता खुद हाथ पंखा चला रही है।

### मोहर्रम की पहली तारीख आज

**बिलासपुर।** इस्लामी नए साल मोहर्रम का चांद आज नजर आ गया। इसके साथ ही मोहर्रम की पहली तारीख 8 जुलाई को और मोहर्रम की दसवीं तारीख 17 जुलाई को मनाई जाएगी । मोहर्रम के शुरू होते ही अकीदतमंद इबादत, तकरीर, मजलिश और दीगर एहतमाम शोहदाए कर्बला को याद करेंगे। उसकी देन कमेटी सत्यम चौक में तकरीर का आयोजन करेगी, जिसमें मेरठ के मौलाना हाफिज रहमतुल्लाह शोहदाए कर्बला का जिक्र फरमाएंगे। इसी तरह रमजानी बाबा दरगाह हाल में मुम्बई से आई मोहतरमा महेतार बानो महिलाओं की मजलिस में मोहर्रम के महत्व एवं शोहदाए कर्बला का बयान करेंगी। मुस्लिमों के नए साल के शुरू होते ही अकीदतमंदों द्वारा अनेक आयोजन किए जाएंगे, इमाम बाड़ों में फातिहाखानी कर अपनी अकीदत पेश की गई। शिया एवं ईरानी समुदाय का मातमी मंजर शुरू हो जाएंगे।

### सेट की परीक्षा 21 को, एक लाख 60 हजार आवेदन

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) 21 जुलाई को होगी। इसके लिए एक लाख 60 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। यह अबतक प्रदेश में हुई सेट परीक्षाओं के लिए प्राप्त आवेदनों में सबसे ज्यादा है। 2019 में हुई सेट परीक्षा के लिए 56,712 आवेदन मिले थे। दरअसल प्राध्यापक भर्ती में आवेदन के लिए नेट, पीएचडी के अलावा सेट उत्तीर्ण होने पर भी पात्रता मिलती है। इस वजह से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं आवेदन किया है। ध्यान रहे कि प्रदेश में अब तक चार बार वर्ष 2013, 2017, 2018, 2019 में सेट का आयोजन किया जा चुका है।

# कोतवाली की मल्टीलेवल पार्किंग में दुकानों के लिए इस बार ऑनलाइन टेंडर, 29 दुकानें आरक्षित तो 17 दुकानें ही सामान्य वर्ग के लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- इस बार आरक्षण नियमों का किया गया पालन
- बिल्डिंग का फायर और सेफ्टी ऑडिट भी होगा

सिटी कोतवाली स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में दुकानों का आवंटन फिर से किया जाएगा। इसके लिए स्मार्ट सिटी की ओर से ऑनलाइन टेंडर जारी कर दिया गया है। इसमें आरक्षण नियमों का पालन भी किया गया है। इसके तहत 46 दुकानों कुल आबंटन में 35 दुकानें एससी, एसटी, ओबीसी के अलावा महिला, दिव्यांग, स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व सैनिक के लिए हैं। सिर्फ 17 दुकानें सामान्य वर्ग के लिए हैं। ओबीसी के लिए 7, महिला के लिए 5, एससी के लिए 7 और एसटी के लिए 3 दुकानों में आरक्षण है। बाकी दुकानें दिव्यांग, स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व सैनिक के लिए हैं। टेंडर जमा करने की अंतिम तिथि 5 अगस्त रखी गई है। हाईकोर्ट ने मल्टी लेवल पार्किंग बिल्डिंग का फायर और सेफ्टी ऑडिट करने का भी निर्देश दिया है। इसकी भी प्रक्रिया जल्द करने की बात अधिकारी कर रहे हैं। ध्यान रहे कि हाईकोर्ट ने भी आदेश दिया है कि कोतवाली मल्टीलेवल पार्किंग में आरक्षण नियमों के तहत दुकानों का आबंटन स्मार्ट सिटी कर सकती है।

ज्ञात हो कि आदिवासी कार्यकर्ता नंदकिशोर राज और शनिचरी बाजार के व्यापारी महेश दुबे टाटा द्वारा लगाई गई जनहित याचिका पर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिंह और जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की खंडपीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा है कि बिना आरक्षण नियमों का पालन किए दुकानों का आवंटन गलत है। कोर्ट ने सिटी कोतवाली परिसर में बनाए जा रहे मल्टी लेवल पार्किंग परिसर में दुकानों के आबंटन को निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि राज्य सरकार या केंद्र सरकार या उनकी उपक्रम केवल इस आधार पर कि पैसे की कमी है जो आरक्षण के नियम है उनको बाईपास करके कोई कार्य काम नहीं कर सकते।

### 27 करोड़ में बिकीं थी 15 दुकानें, अब नया आबंटन

ज्ञात हो कि इस जगह पर पहले दुकानें बनाने की कोई योजना नहीं थी, यहां सिर्फ कार पार्किंग बनाई जा रही थी। बाद में पुलिस विभाग के लिए मकानों के निर्माण के लिए राशि की व्यवस्था करने दुकानें बनाई गईं। स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 46 दुकानों को बेचने के लिए टेंडर जारी किया था, जिसमें स्मार्ट सिटी को सिर्फ 27 खरीददार मिले। 27 दुकानें 15 करोड़ में बेची गई। 19 दुकानों के लिए कोई खरीदार नहीं मिला तो स्मार्ट सिटी ने इसके लिए दोबारा टेंडर किया है। अब नए सिरे से आबंटन किए जाने के कारण पुराने बिक्री की हुईं दुकानें निरस्त मानीं जाएंगी।

### बिल्डिंग का फायर और सेफ्टी ऑडिट भी होगा

हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद अब स्मार्ट सिटी लिमिटेड और नगर निगम को इन दुकानों को नए सिरे से आवंटन करने के लिए आरक्षण नियमों का पालन करते हुए पुनः नीलामी करनी होगी। इन आरक्षण नियमों के तहत एससी, एसटी, ओबीसी के अलावा महिला, दिव्यांग, स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व सैनिक आदि कई ऐसी श्रेणियां शामिल हैं जिन्हें सरकार के सहयोग और समर्थन की आवश्यकता होती है। यह नीलामी बिल्डिंग का फायर और सेफ्टी ऑडिट करने के बाद की जाएगी। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने यह बहस की वहीं राज्य सरकार की ओर से तथा स्मार्ट सिटी की ओर से महाधिवक्ता प्रफुल्ल भारत और केंद्र सरकार की ओर से अप सॉलिसिटर जनरल रमाकांत मिश्रा ने पैरवी की।

### दुकानों के आबंटन का अधिकार स्मार्ट सिटी को

हाईकोर्ट ने कहा है कि कोतवाली मल्टीलेवल पार्किंग में आरक्षण नियमों के तहत दुकान का स्मार्ट सिटी आबंटन कर सकती है और इसका उसे अधिकार है। हाईकोर्ट ने कहा है दुकान का निर्माण गलत नहीं है लेकिन इसमें सभी मापदंडों के अनुरूप काम करना होगा। हाईकोर्ट के फैसले पर स्मार्ट सिटी बिलासपुर की ओर से कहा गया है कि कोर्ट ने माना है कि दुकानों का निर्माण पूरी तरीके से नियमानुसार हुआ है और इसमें सभी प्रकार की अनुमति है। अधिकारियों के मुताबिक यह सही है की दुकानों के आबंटन में आरक्षण नियमों का पालन नहीं किया गया है अब नए सिरे से स्मार्ट सिटी निर्मित दुकानों का आबंटन आरक्षण नियमों का पालन करते हुए कर सकती है।

**फिर से किया जाएगा आवंटन**

सिटी कोतवाली स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में दुकानों का आवंटन फिर से किया जाएगा। इसके लिए स्मार्ट सिटी की ओर से आनलाइन टेंडर जारी कर दिया गया है। इसमें आरक्षण नियमों का पालन भी किया गया है।

- **राजकुमार मिश्रा,** जीएम (टेक्निकल), स्मार्ट सिटी

## जय जगन्नाथ! डिप्टी सीएम ने निभाई छेरा पहरा की परंपरा



**बिलासपुर।** रविवार को रेलवे कॉलोनी से जब जगन्नाथ यात्रा निकाली गई तो भगवान की शोभा बस देखते ही बन रही थी। रथ के साथ हज़ारों लोग जय जगन्नाथ का उदघोष कर रहे थे। सैकड़ों श्रद्धालु रथ खींच रहे थे। छेरा पहरा की परंपरा निभाते हुए उपमुख्यमंत्री व सांसद अरुण साव सपत्नीक रास्ते की सफाई करते रहे।

## उड़ान के लिए यात्री हुए कम तो कंपनी ने घटाया किराया

- दिल्ली, कोलकाता जैसे बड़े महानगरों तक भी पहुंच आसान

**बिलासपुर।** बारिश का मौसम आते ही अचानक हवाई उड़ान के लिए यात्रियों की कमी हो चुकी है, पिछले एक सप्ताह से यात्रियों के द्वारा बुकिंग कम की गई है। ऐसे में अलायंस एयर ने अपना किराया घटाया है, वहीं फ्लैसी किराया भी नहीं लिया जा रहा है।

बिलासपुर से देश के दो महानगरों तक हवाई सेवा शुरू हो चुकी है, वहीं 4 सी एयरपोर्ट बनने के बाद देश के प्रमुख शहरों के लिए भी फ्लाइट की उम्मीद की जा रही है। बारिश का मौसम है ऐसे में देश भर में उड़ान के लिए यात्रियों की संख्या घट जाती है, यही हाल बिलासा एयरपोर्ट पर भी दिखने लगा है। पिछले एक सप्ताह में यात्रियों की संख्या में कमी आ चुकी है, जिसके बाद फ्लाइट की बुकिंग के लिए किराया घटा दिया गया है। दिल्ली और कोलकाता के लिए फ्लाइट का किराया अब 5 हजार के अंदर मिल पा रहा है, वहीं जबलपुर और प्रयागराज का किराया भी 13 सौ से 25 सौ के बीच हो चुका है। साथ ही यात्रियों की कमी से जुझने के कारण अलायंस ने फ्लैसी किराया भी नहीं ले पा रहा है, ऐसे में फ्लाइट के टिकट कम दामों में उपलब्ध हो रहे हैं।

### 1350 में जबलपुर का टिकट

खास बात यह है कि आम दिनों में जबलपुर का टिकट 2500 से 3 हजार रूपए में मिलता है, लेकिन हाल ही में महज 1350 रूपए में जबलपुर का टिकट मिल पा रहा है। इस प्रकार प्रयागराज के लिए बिलासपुर से फ्लाइट की टिकट 2800 रूपए में उपलब्ध है। देश की राजधानी दिल्ली की महज 4000 और कोलकाता 3500 रूपए में यात्रा की जा सकती है।

### आज रायपुर पहुंचेंगे समिति के सदस्य



हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति 8 जुलाई को रायपुर जा रही है। समिति के अलावा करीब 10 संगठन के प्रतिनिधियों भी प्रस्तावित मार्च का हिस्सा बनेंगें। प्रदर्शन पूरी तरह अहिंसात्मक होगा। सोमवार को 5बजे गाँधी मैदान रायपुर से मुख्यमंत्री निवास समिति मार्च करेगी। सदस्यों ने बताया कि हवाई अड्डे के विकास के काम लंबे समय से लटके हुए हैं, सेना से भूमि हस्तांतरण नहीं हो सका है। नाईट लैंडिंग और उपकरण की स्थापना को लेकर केन्द्र और राज्य सरकार अलग-अलग बयान दे रहे हैं। रविवार को धरना जारी रहा। महापौर रामशरण यादव, मनोज श्रीवास, महेश दुबे, मोहन जायसवाल, मनोहर खटवानी, रंजीत सिंह खनूजा, शिवा मुदलियार, टिकेश प्रताप सिंह, रमा शंकर बघेल, संदीप दुबे, विजय गुप्ता, प्रतीक तिवारी, राकेश शर्मा, शैलेन्द्र यादव, शेख अलफ़ाज़, दीपक कश्यप, आशुतोष शर्मा, अशोक भंडारी, डॉ. प्रदीप रही, अक़ील अली, और सुदीप श्रीवास्तव आदि शामिल हुए।

## प्रेमी के साथ युवती थाने पहुंची, थानेदार से शादी कराने की लगाने लगी गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- 4 घंटे तक चलता रहा समझाइश का दौर, नहीं निकला नतीजा
- युवती ने माता-पिता के साथ घर जाने से कर दिया इनकार

एक युवती अपने प्रेमी के साथ तारबाहर थाना पहुंच गई और थानेदार से शादी करा देने की गुहार लगाने लगी। दोनों के माता पिता परिजन को थाने बुलाया गया। 4 घण्टे समझाइश के बाद भी युवती प्रेमी युवक से शादी करने पर अड़ी रही और अपने माता के साथ घर से इनकार कर दिया। तहसीलदार के द्वारा बयान लेने के बाद युवती को सुरक्षित सखी सेंटर में रखाया गया है।

शुक्रवार की रात तारबाहर टीआई गोपाल सतपथी थाने में अपने कक्ष में बैठकर काम कर रहे थे। इसी दौरान क्षेत्र में रहने वाली एक 20 वर्षीय युवती अपने 22 वर्षीय प्रेमी युवक के साथ पहुंची और प्रेमी युवक के साथ शादी करने की गुहार लगाने लगी। रात में टीआई श्री सतपथी दोनों को समझाइश देकर घर लौटा दिए। शनिवार को फिर युवती प्रेमी युवक को लेकर फिर से थाने पहुंचकर शादी करने की गुहार लगाने लगी। टीआई सतपथी ने उन्हें समझाया कि पुलिस शादी नहीं कराती है। उसके बाद भी वह मानने को तैयार नहीं थी और फिल्मी अंदाज में शादी कराने ड्रामा करने लगी, जिससे थाने में मजमा लग गया। सूचना पर तहसीलदार थाने पहुंचे और दोनों को समझाने का प्रयास किया, किन्तु युवती प्रेमी के साथ शादी करने के लिए अड़ी रही। आखिरकार युवती व युवक के माता पिता व परिजन को थाने बुलाया गया। 4 घण्टे तक परिजन दोनों प्रेमी जोड़ी को समझाइश देते रहे, किन्तु नतीजा कुछ नहीं निकला। युवती प्रेमी युवक से शादी करने पर अड़ी रही और उसने माता पिता के साथ घर से जाने से इनकार कर दिया। अंत में तहसीलदार के द्वारा युवती का बयान दर्ज करने के बाद युवती को सरकण्डा स्थित सखी सेंटर में सुरक्षित रखाया गया है।

**युवती को सखी सेंटर भेजा गया**

युवती प्रेमी युवक के साथ थाने आकर शादी कराने की बात कह रही थी। दोनों के परिजन को थाने बुलाया गया था। 4 घण्टे समझाइश के बाद भी युवती ने प्रेमी युवक से शादी करने के लिए अड़ी रही और माता पिता के साथ घर जाने से इनकार कर दिया। तहसीलदार के द्वारा युवती का बयान दर्ज कराने के उसे सुरक्षित सखी सेंटर में रखा गया है।

- **गोपाल सतपथी,** तारबाहर टीआई

### इधर.. शादी का झांसा देकर रिटायर्ड अधिकारी से 1 करोड़ की ठगी

शादी करने का झांसा देकर शहर के एक रिटायर्ड अधिकारी से 1 करोड़ से अधिक की आनलाइन ठगी कर ली गई है। साइबर थाने में मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

सूत्रों के मुताबिक, शहर के एक रिटायर्ड अधिकारी ने पत्नी की मृत्यु के बाद शादी करने का आनलाइन विज्ञापन जारी किया था। उसके आधार पर एक महिला ने उनसे फोन के माध्यम से जान पहचान की। महिला उनसे शादी करने के लिए तैयार हो गई। उसके तहत कई तरह के बहाने बनाकर आनलाइन माध्यम से पैसे की मांग करने लगी। महिला के झांसे में आकर रिटायर्ड अधिकारी लगातार पैसा ट्रांसफर करते गए। बताया जाता है महिला व उसके गिरोह के सदस्यों ने एक करोड़ से अधिक रकम ठगी कर ली है। पीड़ित रिटायर्ड अधिकारी ने एसपी से मुलाकात कर लिखित शिकायत कर जानकारी दी। एसपी श्री सिंह के निर्देश पर रिटायर्ड अधिकारी की रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ धारा 420, 386, 67 आईटीएक्ट व 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस तकनीकी साक्ष्य एकत्रित कर रही है। पुलिस ने मामले को सेंसेटिव में रख दिया है।

**शादी करने का दिया झांसा**

शहर के एक रिटायर्ड अधिकारी से शादी करने का झांसा देकर 1 करोड़ से अधिक की आनलाइन ठगी की गई है। आरोपियों की पहचान हो जाने के कारण मामले को सेंसिटव रखा गया है। हर हाल में आरोपियों को पकड़ने का निर्देश दिया गया है। दो चार दिन में आरोपियों को पकड़कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

_ **रजनेश सिंह** एसपी

### 32 सूत्रीय मांगों को लेकर पटवारी संघ कर रहा आंदोलन

## 10 हजार मामले लंबित, राजस्व शिविर के बीच पटवारियों की आज से हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- काम अटकना तय अधिकारियों ने व्यवस्था भी नहीं बनाई

राजस्व प्रकरणों के निराकरण करने की सरकार की मंशा पर एक और रोड़ा आ गया है। एक तरफ जहां शनिवार से ग्राम पंचायत स्तर पर राजस्व शिविर लगाए जा रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर राजस्व मामलों की रीढ़ माने जाने वाले पटवारियों ने हड़ताल की चेतावनी दे दी है। राजस्व पटवारी संघ अपनी 32 सूत्री मांगों को लेकर सोमवार से हड़ताल पर जा रहा है। यानी कि दो दिनों के राजस्व शिविर के बाद फिर से आम लोगों के काम अटकना तय माना जा रहा है। जाहिर है ऐसे में शिविर स्थल पर ही लोगों की समस्याओं का निराकरण करने की सरकार की मंशा विफल हो जाएगी।

ज्ञात हो कि प्रदेश में कुल 5 हजार और बिलासपुर जिले में 230 के करीब पटवारी कार्यरत हैं।

राजस्व पटवारी संघ 8 जुलाई से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर छग. के प्रदेश संगठन के आह्वान पर अनिश्चितकालीन हड़ताल करेगा। राजस्व पटवारी संघ के मुताबिक विभिन्न लंबित मांगों को सरकार के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे मजबूरन हमें आंदोलन पर जाना पड़ रहा है। हमारी प्रमुख मांगों में ऑनलाइन के लिए लैपटॉप, प्रिंटर, स्कैनर, इंटरनेट आदि की व्यवस्था किए जाने, ऑनलाइन नक्शा, बंटाकन का संशोधन पहले पटवारी का आईडी से किया जाता था, अब इसे लंबा प्रोसेस कर दिया गया है। जिला स्तर के प्रोग्राम की नियुक्ति किया जाए। जिला स्तर पर नहीं होने से बार-बार रायपुर बुलाया जाता है।

### पटवारी संघ की कुछ प्रमुख मांगें

- आनलाइन कार्यों के लिए कंप्यूटर, स्कैनर सहित अन्य सामग्रियां
- आनलाइन नक्शा, बटांकन में आ रही समस्या का निराकरण
- जिला स्तर पर सहायक प्रोग्रामरों की पदस्थापना
- बंधक खसरों के विलोपन की व्यवस्था
- दूसरे राज्य के लोगों की जाति के संदर्भ में संशोधन
- पटवारियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई पर रोक
- डिजिटल सिग्नेचर के लिए होने वाले व्यय का भत्ता
- खाताधारकों के आधार नंबर की एंट्री में आ रही दिक्कतें दूर करने
- रजिस्ट्री के बाद नाम की भाषा में सुधार करने बावत
- नक्शा बटांकन में आ रही दिक्कतों के संदर्भ में

**मांगों पर ध्यान नहीं दे रही सरकार**

विभिन्न लंबित मांगों को सरकार के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे मजबूरन हमें आंदोलन पर जाना पड़ रहा है। गलती किसी भी स्तर पर होती है तो पटवारी को दाषी मानते हुए कार्रवाई कर दी जाती है। इस पर भी रोक लगनी चाहिए।

- **बृजेश सिंह,** सहसचिव, राजस्व पटवारी संघ

### शिविर में होने हैं इस तरह के कार्य

- बी-1, खसरा व किसान किताब के प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा
- आय, जाति, निवास प्रमाण-पत्र संबंधी समस्त आवेदनों का शिविर में ही लोक सेवा केंद्र के माध्यम से आनलाइन प्रविष्टि एवं समयसीमा में शत-प्रतिशत निराकरण के निर्देश
- शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों एवं उन पर की गई कार्रवाई की जानकारी प्रत्येक दिन निर्धारित प्रपत्र में कार्यालय को उपलब्ध कराया जाएगा
- प्रदेश के सभी राजस्व न्यायालय में दर्ज ऐसे प्रकरण जिनकी सुनवाई तिथि अद्यतन नहीं है, उनका शत-प्रतिशत सुनवाई तिथि सुनिश्चित किया जाए
- जनहानि-पशुहानि, फसल क्षति से संबंधी आरबीसी 6-4 के तहत प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण होना चाहिए
- राजस्व पखवाड़ा में भू-अर्जन संबंधी प्रकरणों का समयसीमा में निराकरण तथा भू-अर्जन के प्रकरणों में लियए गए सेवा शुल्क की जानकारी भी दी जानी है
- भूमिस्वामी के खातों में आधार, मोबाइल नंबर, किसान किताब और जेंडर की प्रविष्टि 31 जुलाई तक शत-प्रतिशत करना सुनिश्चित होना चाहिए



मूलभूत समस्याओं का होगा समाधान

# वार्डों में नगर जनसमस्या निवारण शिविर 10 से

**बिलासपुर।** आमजनों की समस्या के त्वरित निराकरण के लिए नगर निगम सीमाक्षेत्र में 10 जुलाई से नगर जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ये शिविर पूरे एक महीने तक शहर के विभिन्न वार्डों में आयोजित किए जाएंगे। इनमें सड़कों की साफ-सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, राशन कार्ड एवं सड़कों की मरम्मत, आवास, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, भवन, भवन निर्माण अनुमति, नियमितीकरण, संपत्तिकर जैसी मूलभूत सुविधा शामिल है, जिसके लिए आवेदन लिए जाएंगे। इसके अलावा इन शिविरों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ ही सिकल सेल जांच की सुविधा भी रहेगी। शिविर में स्थानीय पार्षदों एवं जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। शिविर में यथासंभव समस्याओं के तत्काल समाधान का प्रयास किया जाएगा। शिविर में मिले समस्याओं के निदान होने तक समीक्षा भी की जाएगी। नगर निगम द्वारा आयोजित किए जाने वाले नगर जनसमस्या निवारण शिविर के लिए निगम कमिश्नर अमित कुमार ने अपर आयुक्त खजांची कुम्हार एवं अधीक्षण अभियंता राजकुमार मिश्रा को संयुक्त रूप से नोडल आफिसर बनाया है। 10 जुलाई को वार्ड क्रमांक 20 के पंचायत भवन सिंधी कालोनी से नगर जनसमस्या निवारण शिविर का शुभारंभ होगा।

- एक माह सुनी जाएंगी लोगों की समस्याएं

### शिविर कार्यक्रम

10 जुलाई : वार्ड क्रं. 20 शिविर स्थल- पंचायत भवन,सिंधी कालोनी (शुभारंभ)
11 जुलाई : वार्ड क्रं. 1 शिविर स्थल- नवीन सांस्कृतिक भवन,नया बाजार के पास सकरी, वार्ड क्रं. - 5 शिविर स्थल- यादव नगर सामुदायिक भवन, वार्ड क्रं.30 शिविर स्थल- गोवर्धन समाज भवन, वार्ड क्रं.59 शिविर स्थल- चांटीडीह हाई स्कूल परिसर
12 जुलाई : वार्ड क्रं. 15 शिविर स्थल- सामुदायिक भवन,हनुमान मंदिर,विकास नगर, वार्ड क्रं. 23,शिविर स्थल- नवीन शाला,राजीव गांधी चौक, वार्ड क्रं. 38 शिविर स्थल- गुजराती समाज भवन,
वार्ड क्रमांक 48 शिविर स्थल- अंबेडकर भवन, मोपका
15 जुलाई : वार्ड क्रं.2 शिविर स्थल- नवीन सांस्कृतिक भवन,नया बाजार के पास सकरी, वार्ड क्रं. 24, शिविर स्थल- दुर्गा मंदिर परिसर,राजेन्द्र नगर, वार्ड क्रं. 47 गडरीपारा भवन मोपका
16 जुलाई : वार्ड क्रं.6, शिविर स्थल- कार्यालय स्थल,यदुनंदन नगर, वार्ड क्रमांक- 31 शिविर स्थल- लाला लाजपत राय स्कूल, वार्ड क्रमांक- 49, शिविर स्थल- रामायण चौक,बहतराई, वार्ड क्रमांक- 60, शिविर स्थल- चंद्रा सामुदायिक भवन
18 जुलाई : वार्ड क्रं. 16 शिविर स्थल-कुशवाहा भवन,कुदुदंड, वार्ड क्रमांक- 39 शिविर स्थल- कंसा चौक सामुदायिक भवन, वार्ड क्रमांक 50 शिविर स्थल- दुर्गा पंडाल,राजीव विहार
19 जुलाई : वार्ड क्रं.3, शिविर स्थल-पौनी पसारी बाजार के पास,आंगनबाड़ी कार्यालय उस्लापुर, वार्ड क्रमांक 25 शिविर स्थल-घोड़ादाना स्कूल, वार्ड क्रमांक 51 शिविर स्थल- सामुदायिक भवन,राजकिशोर नगर
22 जुलाई : वार्ड क्रं. 7, शिविर स्थल- विष्णु चौक चबूतरा, वार्ड क्रमांक 32 शिविर स्थल-वाचनालय लकड़ी टाल के पास, वार्ड क्रमांक 61, शिविर स्थल- पं. रामदुलारे दुबे स्कूल,
23 जुलाई : वार्ड क्रं. 17, शिविर स्थल- नर्मदा नगर सामुदायिक भवन, वार्ड क्रमांक 40, शिव मंदिर सामुदायिक भवन, वार्ड क्रमांक 52 पूर्व ग्राम पंचायत भवन लिंगियाडीह
24 जुलाई : वार्ड क्रं. 4 शिविर स्थल-राजीव भवन,घुरू, वार्ड क्रमांक 26 शिविर स्थल- रमजानी बाबा,शहीद अस्फाकुल्ला नगर, वार्ड क्रमांक 53, शिविर स्थल- सामुदायिक भवन,भारत माता चौक
25 जुलाई : वार्ड क्रं.8,शिविर स्थल- सामुदायिक भवन,मन्नाडोल, वार्ड क्रमांक 33, शिविर स्थल- कुम्हारपारा स्कूल,करबला, वार्ड क्रमांक 62 शिविर स्थल- पं. रामदुलारे दुबे स्कूल,
26 जुलाई : वार्ड क्रं.26 शिविर स्थल- सामुदायिक भवन,तिलक नगर, वार्ड क्रमांक 41, शिविर स्थल- पटेल सामुदायिक भवन, वार्ड क्रमांक 54 शिविर स्थल- वार्ड कार्यालय चिंगराजपारा,
29 जुलाई : वार्ड क्रं. 13 शिविर स्थल- वार्ड कार्यालय,आजाद चौक मंगला, वार्ड क्रमांक 27 शिविर स्थल- गायत्री मंदिर विनोबा नगर, वार्ड क्रमांक 55 शिविर स्थल-देवांगन भवन,डबरीपारा
30 जुलाई : वार्ड क्रं.9 शिविर स्थल- पानी टंकी के पास सामुदायिक भवन,परसदा, वार्ड क्रमांक 34 शिविर स्थल-कुम्हारपारा स्कूल करबला, वार्ड क्रमांक 63, शिविर स्थल- गोड़वाना सामुदायिक भवन,
31 जुलाई : वार्ड क्रमांक 19, शिविर स्थल- सामुदायिक भवन पत्रकार कालोनी, वार्ड क्रमांक 42 शिविर स्थल- पूर्व पंचायत भवन,देवरीखुर्द, वार्ड क्रमांक 56 शिविर स्थल- रामायण चौक,चांटीडीह
1 अगस्त : वार्ड क्रं. 14 शिविर स्थल- वार्ड कार्यालय,आजाद चौक,मंगला, वार्ड क्रमांक 28 शिविर स्थल- दुर्गा पंडाल के पास,प्रियदर्शनी नगर, वार्ड क्रमांक 43 शिविर स्थल- हाउसिंग बोर्ड सामुदायिक भवन
2 अगस्तः वार्ड क्रं. 10 शिविर स्थल- वरिष्ठ नागरिक भवन,सिरगिट्टी, वार्ड क्रमांक 35 शिविर स्थल- पुत्री शाला स्कूल जूना बिलासपुर, वार्ड क्रमांक 44 शिविर स्थल- नेपाली समाज सामुदायिक भवन, वार्ड क्रमांक 64 शिविर स्थल- प्राथमिक स्कूल परिसर बिरकोना
5 अगस्त : वार्ड क्रं. 29 शिविर स्थल- नया पानी टंकी के पास संजय नगर, वार्ड क्रमांक 45 शिविर स्थल- यादव समाज सामुदायिक भवन, वार्ड क्रमांक 57 शिविर स्थल- दयानंद सेवाधाम डीएलएस कॉलेज के पास,
6 अगस्त : वार्ड क्रं. 11 शिविर स्थल- दुर्गा मंदिर परिसर सिरगिट्टी, वार्ड क्रमांक 46 शिविर स्थल- अन्नपूर्णा सामुदायिक भवन, वार्ड क्रमांक 65 शिविर स्थल- चंद्रमौली परिसर
7 अगस्त : वार्ड क्रं. 21 शिविर स्थल- मंगल भवन जरहाभाटा, वार्ड क्रमांक 36 शिविर स्थल- महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल मधुबन रोड, वार्ड क्रमांक 66 शिविर स्थल-संत नामदेव भवन परिसर
8 अगस्तः वार्ड क्रं. 12 शिविर स्थल- श्रीवास समाज सामुदायिक भवन, वार्ड क्रमांक 69 शिविर स्थल- भारतमाता स्कूल भवन, वार्ड क्रमांक 67 शिविर स्थल- हाई स्कूल कोनी परिसर
9 अगस्त : वार्ड क्रमांक 22 शिविर स्थल- अंबेडकर सांस्कृतिक भवन मगरपारा, वार्ड क्रमांक 37 शिविर स्थल- दुर्गा मंच टिकरापारा, वार्ड क्रमांक 68 शिविर स्थल- सांई मंदिर के पास बड़ी कोनी, वार्ड क्रमांक 70 शिविर स्थल- हिंदुस्तानी सेवा समिति भवन
10 अगस्त : वार्ड क्रं.58 शिविर स्थल- बगदाई मंदिर खमतराई,(समापन)

10वीं 12वीं के विद्यार्थी देंगे परीक्षा

प्रदेश में पहली बार साल में दो बार बोर्ड एग्जाम, 23 जुलाई से शुरू होगी परीक्षा, पूरक परीक्षार्थी भी होंगे शामिल

# सेकेंड बोर्ड एग्जाम... 14 हजार 845 हुए थे फेल, सिर्फ 8569 आवेदन आए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश में 10 वीं-12 वीं सीजी बोर्ड की दूसरी परीक्षा इसी माह होगी। इस परीक्षा के लिए बिलासपुर जिले से 8 हजार 569 छात्र-छात्राओं ने आवेदन फार्म भरा है, जबकि मार्च में हुई पहली बोर्ड परीक्षा में करीब 42 हजार 578 छात्र शामिल हुए थे, इस परीक्षा में फेल होने वालों के अलावा पूरक के पात्र और छात्र जो पास हो चुके हैं, उन्होंने भी श्रेणी सुधार के लिए आवेदन किया है। 23 जुलाई से परीक्षा शुरू होगी। प्रदेश में में पहली बार दूसरी बोर्ड परीक्षा होने वाली है। आशा की जा रही थी कि पहली परीक्षा में फेल हुए 11 हजार 96 और पूरक 3 हजार 749 मिलाकर कुल 14 हजार 845 छात्र के साथ ही श्रेणी सुधार करने वाले छात्र बड़ी संख्या में आवेदन करेंगे, लेकिन विभाग की उम्मीद से कम लोगों ने ही दूसरी बोर्ड परीक्षा के लिए आवेदन किया। बिलासपुर सहित पूरे प्रदेश से लगभग 82 हजार आवेदन मिले हैं। वहीं मार्च में हुई पहली बोर्ड परीक्षा में प्रदेश के करीब 6 लाख छात्र शामिल हुए थे।

- विभाग की उम्मीदों से कम विद्यार्थियों ने किया आवेदन

### शुरू हो गया नया शिक्षा सत्र

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा एक ओर दसवीं व बारहवीं बोर्ड की दूसरी बार परीक्षा लेने की तैयारी की जा रही है, वहीं दूसरी ओर नया शिक्षा सत्र भी आरंभ हो गया है। स्कूलों के पट खुलने के बाद अब लगभग सभी कक्षाएं आरंभ हो गई हैं और विद्यार्थी स्कूल पहुंचने लगे हैं। इनमें फेल होने वाले वे स्टूडेंट भी शामिल हैं, जो दूसरी बार आयोजित हो रही बोर्ड परीक्षाओं में शामिल नहीं हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार दूसरी बार होने जा रही बारहवीं बोर्ड परीक्षा में उन परीक्षार्थियों की संख्या अधिक है, जो अपनी श्रेणी सुधारना चाहते हैं, कारण यह है कि कई प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के बाद भी बोर्ड में 75 फीसदी से कम अंक आने पर प्रतियोगी का चयन नहीं होता है, ऐसे में स्टूडेंट इस अवसर का पूरा लाभ उठाना चाह रहे हैं।



### नहीं होंगी सप्लीमेंट्री परीक्षा

सीजी बोर्ड के तहत दसवीं-बारहवीं में अब सप्लीमेंट्री परीक्षा नहीं होगी। अब से हर साल द्वितीय मुख्य परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया पिछले दिनों शुरू हुई थी। विलंब शुल्क के साथ आवेदन की तारीख 2 जुलाई को समाप्त हो गई है। अब इसके लिए आवेदन नहीं किए जा सकेंगे। 10 वीं-12वीं सीजी बोर्ड की परीक्षा 23 जुलाई से शुरू होगी। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया समाप्त हो गई है। बारहवीं की परीक्षा 23 जुलाई से 12 अगस्त तक होगी, जबकि दसवीं की परीक्षा 24 जुलाई से 8 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। छत्तीसगढ़ बोर्ड के तहत अब हर साल दो बार बोर्ड परीक्षा होगी। फरवरी-मार्च प्रथम और जून-जुलाई में द्वितीय मुख्य परीक्षा होगी।

### नहीं बदले नंबर तो पहली मार्कशीट ही मान्य

द्वितीय बोर्ड के नियमों के अनुसार वो छात्र जो पास हो चुके हैं, अगर अपने नंबर से नाखुश तो वह श्रेणी सुधार के लिए द्वितीय परीक्षा दे सकते हैं। एक विषय, दो विषय या इससे अधिक विषय में वे शामिल होने के पात्र हैं। द्वितीय परीक्षा में नंबर बढ़ते हैं तो इसके अनुसार रिजल्ट जारी होगा। अंकों में सुधार नहीं होने पर पहली ही मार्क-शीट मान्य होगी।

### 8 हजार बच्चों ने किया आवेदन

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इस सत्र से वर्ष में दो बार बोर्ड परीक्षा का आयोजन शुरू किया है। इसके तहत दूसरी बार बोर्ड परीक्षा में बैठने जिले के 10वीं और 12वीं के 8 हजार बच्चों ने आवेदन किया है। 23 जुलाई से परीक्षा का आयोजन होगा।

**-टीआर साहू**
जिला शिक्षा अधिकारी

हावड़ा सुपर फास्ट में 359, आजाद हिन्द एक्सप्रेस में 214 तक वेटिंग, जनरल में खड़े होने की जगह नहीं

# आफत बनी ट्रेन यात्रा, कोई टॉयलेट में बैठा कोई कपड़े के झूले और गेट में लटक रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इन दिनों लंबी दूरी के ट्रेनों में जबरदस्त भीड़ है। इसके कारण रेल यात्रा करना यात्रियों के लिए काफी परेशानी भरा हो रहा है। ट्रेनों में भीड़ का आलम यह है कि लोग टॉयलेट में बैठकर तो कई कपड़े का झुला बनाकर लटकते हुए सफर करने को मजबूर है। इन सबके बावजूद रेलवे यह दावा कर रहे हैं कि यात्रियों को किसी भी प्रकारी की असुविधा से बचाने के लिए रेलवे की तरफ से स्पेशल ट्रेन और कोचों की संख्या बढ़ाई जा रही है। जबकि हावड़ा-बिलासपुर और दिल्ली-बिलासपुर और जम्मू से रूट की ट्रेनों में तो पैर रखने तक की जगह नहीं है।

आईआरसीटीसी के ऑनलाइन ट्रेन टिकट बुक करने वाले ऐप से मिले आंकड़ों के मुताबिक हावड़ा-बिलासपुर रूट में चलने वाली हावड़ा सुपर फास्ट में वेटिंग टिकट तो 359 तक पहुंच गई है। इसके अलावा आजाद हिन्द में 214, शालीमार एलटीटी में 136, ज्ञानेश्वरी में 115 और गीतांजली एक्सप्रेस में वेटिंग 99 तक पहुंच गई है। इसी के साथ ही दिल्ली रूट में चलने वाली कलिंग उत्कल एक्सप्रेस में वेटिंग 111, संपर्क क्राति में 60 और छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में वेटिंग लिस्ट 50 के पार पहुंच गई है।




ट्रेन में सफर करने के दौरान यात्री कपड़े का झूला बनाकर लटकते रहे। कई मुसाफिरों ने गेट पर बैठकर और लटककर यात्रा पूरी की।

### इस वजह से ट्रेनों में बढ़ी है भीड़

गर्मी का सीजन खत्म होते ही खेती-किसानी के दिन लौट आए है। इस दौरान रोजी-रोजगार के तलाश में बड़े शहरों तक कमाने खाने पलायन करने वाले मजदूर वर्ग के लोग वापस अपने गांव लौटते हैं, ताकि अपने खेतों में फसल लगा सके। ऐसे में कलकत्ता, जम्मू, मुंबई और दिल्ली की ओर कमाने के लिए पलायन कर चूके लोग ट्रेन से लौट रहे है। ये अपने साथ परिवार और भारी भरकम समाने से भरे थैले, बोरे और बैग लेकर चलते हैं, जिसके चलते ज्यादातर ट्रेनों में वेटिंग बढ़ गई है। तो वहीं तीसरी लाइन और मेंटेनेंस के नाम पर रेलवे ने भी 50 से अधिक ट्रेने रद्द कर रखी है, जिसके चलते ट्रेनों में भीड़ बढ़ गई है।

### दरवाजे के पास खड़े होकर कर रहे सफर

जिन्हें बैठने की जगह नहीं मिली है वो गलियारे में ही कपड़े का झूला बांधकर उसे पर बैठ गए हैं। इसके लिए यात्रियों को भी दोष नहीं दिया जा सकता है क्योंकि ट्रेन में जगह नहीं और सफर भी पूरा करना है। यही नहीं ट्रेन का स्लीपर कोच भी ठसाठस भरा हुआ है और लोग दरवाजे पर बैठकर सफर कर रहे हैं। एसी कोच भी फुल है और लोग गैलरी में बैठकर सफर कर रहे हैं। बिलासपुर स्टेशन पहुंची रक्सैल एक्सप्रेस में भी कमोबेश यही हाल रहा। ट्रेन के डिब्बे खचाखच भरे हुए थे और लोग दरवाजे के पास जान जोखिम में खड़े होकर सफर करने के लिए मजबूर हैं।

# पॉश कॉलोनी एरिया शुभम विहार में मच्छरों का आतंक, डेंगू-मलेरिया फैलने की आशंका

**बिलासपुर।** शुभमविहार की समस्याओं का अंत ही नहीं हो रहा है। अच्छे मोहल्ले के लिए साफ नाली, चलने योग्य सड़क, पर्याप्त बिजली, स्वच्छ पीने योग्य पानी मूलभूत आवश्यकता होती है। लेकिन कई सालों से शुभमविहार के निवासी सड़क, पानी, बिजली आदि मूलभूत सुविधओं के लिए तरस रहे हैं।

- कालोनियों के खाली प्लाट में पनप रहे मच्छर

मोहल्लेवासियों ने बताया कि सभी जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से इसकी शिकायत की जा चुकी है। सड़क इतनी खराब है कि सामान्य दिनों में भी वाहन पर झटके लगते रहते हैं। बरसात में तो सड़क कम नाला ज्यादा हो जाता है। पूजा प्राइड, जेपी हाइट्स, पूजा ग्रीन जैसी पॉस कालोनी की बाउंड्री से लगे खाली प्लॉट में जमा दूषित पानी में मच्छर पनप रहे हैं जिससे डेंगू व मलेरिया फैलने की आशंका है। इसे देखते हुए कालोनीवासियों ने चंदा कर एक बाउंड्रीवाल बनवा कर सफाई करवाई थी, जिसे बाद में तोड़ दिया गया। अंकुश मानवाधिकार एक पहल के अक्षय कुमार सिंह ने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि उक्त खाली प्लॉट में मिट्टी डलवा दें, इससे कुछ हद तक समस्या का समाधान हो जाएगा।



कॉलोनी के पास ऐसे खाली पड़े प्लाट पर जमे पानी में पनप रहे मच्छर।

## तुलजा भवानी मंदिर का जीर्णोद्धार महिला खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

**बिलासपुर।** आई तुलजा भवानी मंदिर परिसर का 15 लाख रू से जीर्णोद्धार किया गया, जिसका लोकार्पण रविवार को नगर विधायक अमर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में एवं समाज के अध्यक्ष शशांक चौहान की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष अरूण घाडगे, डा. सुधाकर बिबे, संरक्षक राघवेन्द्र राव भोंसले, श्रीमती लक्ष्मी वासिंग, मंडल अध्यक्ष अजित भोगल, वार्ड पार्षद सुश्री श्रद्धा जैन उपस्थित हुए। इस अवसर पर समाज की महिला क्रिकेट खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। समाज के उपाध्यक्ष प्रणय बाकरे, कोषाध्यक्ष भगवंत राव शिंदे, सयुंक्त सचिव जिवन भोसले, योगेश भोसल द्वारा कार्यक्रम संपन्न हुआ। समाज के सभी नागरिक, मातृशक्ति, युवा सेना उपस्थित रहे। मंदिर परिसर के जीर्णोद्धार की उपलब्धियों के लिए समाज के सदस्यों ने जिला अध्यक्ष शशांक चौहान एवं उनकी कार्यकारिणी को बधाई दी।



खबर संक्षेप

## लायन मंजीत सिंह अरोरा 7 स्टार एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित



**बिलासपुर।** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 323C अवार्ड समारोह /"एप्लॉस/" में लायन मंजीत सिंह अरोरा को उनकी निरंतर मानव सेवाओं के लिए सर्व श्रेष्ठ अवार्ड, 7 स्टार एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। ये अवार्ड उन्हें डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन शैलेश अग्रवाल, वाइस गवर्नर लायन रिपुदनाम पुसरी द्वारा दिया गया।

## लायंस क्लब बिलासपुर शक्ति ने किया डॉक्टरों का सम्मान



**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर शक्ति के सदस्यों ने राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे पर डॉक्टर्स का सम्मान किया। इस अवसर पर क्लब के सदस्य व शहर के जाने माने होमोपेथिक लायन डॉ सुनील चंदानी का मोमेंटो और कपड़े का बैग देकर सम्मान किया। क्लब ने ये सन्देश दिया कि डॉक्टर हमारी रक्षा करते हैं और हमारे लिए उनका स्थान ईश्वर तुल्य होता है। उनके इसी समर्पण और निष्ठा का हम हृदय से सम्मान करते हैं। कार्यक्रम क्लब अध्यक्ष के सदस्य लायन अनीता दीवान, सचिव रोशनी दीक्षित, कोषाध्यक्ष विद्युत मंडल, क्लब फाउंडर अरविन्द वर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में -श्रद्धा राव, आरती मंडल, वी विजय राव व क्लब के अन्य सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

## पर्यावरण प्रेमी क्षमता ने नेचर सिटी में पांच सालों में लगाए 750 पौधे

**बिलासपुर।** पर्यावरण को बचाने और प्राकृतिक सौंदर्य को बढ़ाने नेचर सिटी निवासी क्षमता सिंह वर्ष 2019 से पौधरोपण कर रही हैं। अब तक क्षमता ने नेचर सिटी में 750 पौधे लगाए हैं। क्षमता ने न सिर्फ पौधे लगाए बल्कि पूरी लगन और मेहनत से पौधों को वृक्ष बनने तक जतन भी किया। उनकी मेहनत और धन खर्च करने से नेचर सिटी आज अपने नाम के अनुरूप प्रकृति से भरपूर दिख रहा है। पर्यावरण प्रेमी क्षमता पौधों और वृक्षों की देखभाल के लिए हमेशा तत्पर रहती हैं। क्षमता सिंह का ये प्रयास सराहनीय एवं प्रशंसनीय है। प्रशासन की पहल 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़ते हुए उन्होंने अपनी मां कृष्णा सिंह के नाम पर पौधा लगाया।



## बुधवारी बाजार व्यापारी संघ ने केंद्रीय मंत्री साहू से की मुलाकात



**बिलासपुर।** बुधवारी बाजार की समस्याओं को दूर करने के लिए बुधवारी बाजार व्यापारी संध के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश छाबड़ा व पदाधिकारी केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू से मुलाकात कर उन्हें अपनी समस्या बताई। उन्होंने समस्या के निराकरण के लिए 4 अधिकारियों की कमेटी बनाकर लंबित मामलों को निपटारा कराने की मांग 6 माह पहले डीआरएम से भी की थी। लेकिन आज तक इस पर अमल नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि रेलवे प्रशासन द्वारा बुधवारी बाजार के व्यापारी से वर्ष 2023-14 से बाजार में अनियमितता है, कहकर लाइसेंस शुल्क लेना बंद कर दिया है। अनियमितता का सर्वे कराया गया, जिसमें गड़बड़ी नहीं मिली। इस प्रकार नामांतरण नहीं कराया जा रहा है। इस समस्या दूर करने की मांग मंत्री श्री साहू ने व्यापारी संघ से की है।

## सीएम का विधायक अमर, भाजयुमो नेता रौशन ने किया भव्य स्वागत

**बिलासपुर।** पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय का छठवां दीक्षांत समारोह शनिवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर विधायक अमर अग्रवाल और भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रौशन सिंह ने हेलीपेड पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का भव्य स्वागत किया। श्री अग्रवाल की संगठन क्षमता और श्री सिंह की युवा ऊर्जा ने इस स्वागत को अत्यंत विशेष बना दिया। श्री साय ने इस अवसर पर सभी का अभिवादन स्वीकार किया और समारोह की शोभा बढ़ाई।



बिजनेस साइट

## एनर्जी की भूमिका घरों से आगे तक कई जगह पर फैली हुई है



**आशीष कुमार शाह**
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, बिलासपुर

**बिलासपुर।** एक समय था जब घर गैस स्टोव, इलेक्ट्रिक लाइट और टेलीविजन जैसे कुछ बुनियादी उपकरणों पर निर्भर थे। हालांकि, आधुनिक जीवनशैली नाटकीय रूप से विकसित हुई है। हम कई तरह के स्मार्ट डिवाइस, होम ऑटोमेशन सिस्टम और एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग करते हैं। आज के समय में हम बिजली के बिना अपने जीवन की कल्पना नहीं कर सकते । चाहे लैपटॉप पर काम करना हो, मोबाइल फोन का उपयोग करना हो या यहां तक कि दैनिक घरेलू काम करना हो जहाँ हम वॉशिंग मशीन, इंडक्शन स्टोव, माइक्रोवेव और अन्य उपकरणों का उपयोग करते हैं। एनर्जी और बिजली हमारे जीवन के हर पहलू में महत्वपूर्ण हो गई है। यह बदलाव हमारी जीवनशैली में व्यापक परिवर्तन को दर्शाता है, जिससे एनर्जी की मांग में पर्याप्त वृद्धि हुई है। एनर्जी की भूमिका केवल घरों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि औद्योगिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एनर्जी की मांग, परिवहन को बढ़ावा देती है चाहे वह कार, दोपहिया वाहन, ट्रेन, हवाई जहाज, कार्गो इंजन हो और एफएमसीजी, हेल्थकेयर, आईटी, वित्तीय सेवाओं आदि जैसे क्षेत्रों में विकास को गति देती है। यह दूरसंचार, प्रसारण, इंटरनेट सेवाओं और डेटा ट्रांसमिशन सहित संचार नेटवर्क का भी समर्थन करती है ।

मई 2022 तक, भारत की प्राथमिक एनर्जी खपत 36 एक्साजूल तक पहुंच गई है, जो पिछले दो दशकों में दोगुनी से भी ज्यादा है, जिससे यह दुनिया का चौथा सबसे बड़ा एनर्जी उपभोक्ता बन गया है। इस वृद्धि के बावजूद, भारत की प्रति व्यक्ति एनर्जी खपत वैश्विक औसत का एक तिहाई बनी हुई है। भारत की तुलना में, चीन की खपत 4.4 गुना ज्यादा है, और कोरिया की 9.5 गुना ज्यादा है। भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है, इसलिए इसके प्रति व्यक्ति एनर्जी उपयोग में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। भविष्य में बिजली की मांग में भी वृद्धि होने की उम्मीद है, खासकर नॉन-सोलर घंटों के दौरान, जो एक विश्वसनीय एनर्जी आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निरंतर सरकारी ध्यान और रणनीतिक निवेश की आवश्यकता को उजागर करता है ।

**एनर्जी थीम में निवेश-** जैसे-जैसे भारत आने वाले दशकों में आगे बढ़ता रहेगा, ईंधन और एनर्जी की बढ़ती मांग ऊर्जा क्षेत्र को एक आकर्षक निवेश अवसर बनाएगी। एनर्जी सेक्टर में रुचि रखने वाले निवेशकों के लिए, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड वर्तमान में एनर्जी सेक्टर पर केंद्रित एक नया फंड ऑफर ( एनएफओ) चला रहा है, जो 02 जुलाई से 16 जुलाई, 2024 तक खुला रहेगा। इस योजना के निवेश के दायरे में ग्रीन एनर्जी, तेल और गैस सेक्टर, बिजली और संबंधित सेक्टर से जुड़ी कंपनियां शामिल हैं ।

7- JULY- BSP- PG-3 ZINDAGI_Layout 1 7/8/2024 12:43 AM Page 1

बिलासपुर, सोमवार 8 जुलाई 2024

हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



भक्तों ने किया महाप्रभु के नवयौवन रूप का दर्शन

## धर्म क्षेत्र

### बगलामुखी देवी का ब्रह्मपुत्री, तारा देवी के रूप में पूजन, श्रृंगार



**बिलासपुर।** सरकण्डा स्थित श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में आषाढ़ गुप्त नवरात्र उत्सव श्रद्धा से मनाया जा रहा है। त्रिदेव मंदिर में नवरात्र के दूसरे दिन रविवार को प्रातः श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का विशेष पूजन श्रृंगार ब्रह्मपुत्री एवं तारा देवी के रूप में किया गया।

**पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में मनाई जा रही आषाढ़ गुप्त नवरात्रि**

पीताम्बरा पीठ के पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महराज ने बताया कि इस बार गुप्त नवरात्र दस दिनों की है। श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का महारुद्राभिषेक, महाकाली महालक्ष्मी महा सरस्वती देवी का षोडश मंत्र द्वारा दूधधारिया अभिषेक किया गया। भगवान श्री राम का पूजन एवं श्रृंगार किया गया। प्रतिदिन रात्रि 8 से 12:30 बजे तक पीताम्बरा हवनात्मक महायज्ञ कर महाआरती की गई। उन्होंने बताया कि तारा देवी को श्मशान की देवी एवं मुक्तिदात्री कहा जाता है। हिंदू ही नहीं बौद्ध धर्म में भी तारा देवी की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। पुराणों में वर्णित कथाओं के अनुसार भगवान बुद्ध ने तारा मां की आराधना की थी। गुरु वशिष्ठ ने भी पूर्णता प्राप्त करने के लिए देवी तारा की आराधना की थी।

## शिविर

### राजयोग से हमारे अंदर सुषुप्त शक्तियां जागृत हो जाती हैं



**बिलासपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन एवं अमूल्या अकैडमी के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय निःशुल्क एक्यूप्रेशर जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वरिष्ठ समाज सेवी संतोष कौशिक ने कहा कि राजयोग से हमारे अंदर सुषुप्त शक्तियां जागृत हो जाती है, जो जीवन के प्रत्येक मोड पर हमें सही रास्ता दिखाती है। श्री कौशिक ने राजयोग भवन के लिए कहा कि ब्रह्माकुमारी का ये भवन बिलासपुर का सबसे पुराना सेवाकेंद्र है, जिसकी सकारात्मक ऊर्जा हम स्वतः ही अनुभव कर सकते हैं। मैं जब भी यहां आता हूं तो मुझे बहुत सकारात्मक ऊर्जा की प्राप्ति होती है और मैं बहुत शांति का अनुभव करता हूं। राजयोग मेडिटेशन से मन ही नहीं शरीर भी स्वस्थ रहता है, इसमें जीवन के प्रत्येक मर्ज का इलाज समाया हुआ है। इस प्रक्रिया में हमें स्वयं को आत्मा समझकर अपना ध्यान सर्वशक्तिमान परमपिता परमात्मा पर केंद्रित करना होता है। ब्रह्माकुमारीज में सिखाए जाने वाले राजयोग में आत्म अनुभूति के साथ जब हम परमात्मा से संबंध जोड़ते हैं तो परमात्मा की शक्तियां धीरे-धीरे हमारे अंदर समाने लगते हैं। दीदी ने कहा कि सर्व प्रकार के सुखों में पहला सुख निरोगी काया का ही होता है। यदि तन का सुख नहीं तो धन का सुख भी नहीं ले पाते। परन्तु तन की 90 प्रतिशत बीमारियों का कारण मन के विचार ही हैं। जीवन में खुशी है तो तन का स्वास्थ्य भी अच्छा हो जाता है। डॉक्टर के नेक्स्ट गॉड कहते है जिस प्रकार भगवान को दुख के समय याद किया जाता है उसी प्रकार डॉक्टर को भी शरीर की तकलीफ में याद किया जाता है। तालियों का महत्व बताते हुए दीदी ने बताया कि यदि हम खुश रहते है और ताली बजाते है तो हमारे हाथों में सभी एक्यूप्रेशर पॉइंट होते है जो स्वतः एक्टिव हो जाते है। कार्यक्रम में रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी सुनील सोनकुसरे, विनय पैग्वार, विजयलक्ष्मी साहू, खुशबू प्रसाद, मोहन राव, प्रियांशु, विवेक साहू आदि थैरेपिस्ट उपस्थित थे।

## आयोजन

### क्षमा करने वाला क्षमा पाने वाले से कहीं अधिक सुख पाता है : बीके स्वाति

**बिलासपुर।** किसी को उसकी भूल के लिए क्षमा करना और उसे आत्मग्लानि से मुक्ति दिलाना बहुत बड़ा परोपकार है, क्षमा करने की प्रक्रिया में क्षमा करने वाला क्षमा पाने वाले से कहीं अधिक सुख पाता है। छोटी से छोटी या बड़ी से बड़ी गलती को भी भूतकाल में जाकर ठीक नहीं किया जा सकता, उसके लिए क्षमा से अधिक कुछ नहीं मांगा जा सकता। उक्त वक्तव्य प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बिलासपुर की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन सेवाकेंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने क्षमा दिवस के उपलक्ष्य में कहा। दीदी ने क्षमा का महत्व बताते हुए कहा कि क्षमा माँगना और क्षमा करना दोनों महान गुण है। जो मनुष्य के मन को हल्का कर उसे सुखी बनाता है। क्षमा माँगकर या क्षमा दान कर हम किसी पर कोई एहसान नहीं करते बल्कि अपने ही मन को सुकून देने का उपाय करते हैं। लम्बे समय तक प्रतिशोध, जलन, ईर्ष्या, क्रोध, आत्मग्लानि, दुख, धोखा इत्यादि के विचार रखने से तन और मन रोगी हो जाते हैं। जिसके लिए क्षमा से अच्छी कोई दवा नहीं है। क्षमा सदा और सर्वत्र सभी के लिए फायदेमन्द होती है। यह एक ऐसी अद्भुत चीज है जो चाहे माँगी जाए या दी जाए, मनुष्य को महान और देव तुल्य बनाती है। क्षमा कर के हम अपने आपको मन के बड़े बोझ से स्वतन्त्र करते हैं। दीदी ने बताया कि कहा जाता है कि क्षमा वीरस्य भूषणम अर्थात क्षमा दान समर्थ या शक्तिशाली व्यक्ति ही कर सकता है। क्षमा, कायरता या दुर्बलता का लक्षण नहीं बल्कि आत्मबल तथा बुद्धिमत्ता का चिन्ह है। क्षमा करने की क्षमता तो केवल वीरों में ही होती है, इसके लिए दया या रहम का गुण भी आवश्यक है। भगवान के लिए कहा जाता है कि वे सर्व समर्थ होने के साथ-साथ दया के सागर भी है। जो हमारी भूलों को क्षमा कर देते हैं। हम सदैव गाते आये है कि प्रभु जी मेरे अवगुण चित ना धरो। लेकिन हम दूसरों के अवगुण देखने अपने चित में रखे रहते है। तो क्षमा करने के लिए हमे दूसरों के अवगुणों को देखना बंद करना होगा।

रेल्वे स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर का पट रविवार को खुला। महाप्रभु के नवयौवन रूप का दर्शन करने सुबह से ही लोग मंदिर पहुंचने लगे थे। शाम को बाजे-गाजे के साथ भव्य रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा देखने एवं भगवान जगन्नाथ का एक झलक पाने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। छेरापहरा की रस्म उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने राजा के वेश में किया।

# भगवान जगन्नाथ का रथ खींचने उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्री जगन्नाथ पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि भगवान के स्वस्थ होते ही मंदिर का पट खुला। इसे नेत्रोत्सव के रूप में मनाया गया। रविवार को मंदिर के पुजारी श्री पाणिग्रही के सानिध्य में भगवान की विशेष पूजा कर नए कपड़े पहनाए गए। 56 भोग लगाया गया। मंदिर में नया झंडा चढ़ाया गया। इसके बाद श्रद्धालु भक्तों ने महाप्रभु के नवयौवन रूप का दर्शन किया। भगवान का सबसे पहले दर्शन करने की इच्छा के साथ लोग सुबह से ही मंदिर पहुंचने लगे थे। पट खुलते ही सभी ने महाप्रभु का दर्शन कर भगवान जगन्नाथ के प्रति आस्था जताई। शाम को पारंपरिक बाजे-गाजे के साथ श्रद्धालु, भक्तों की भारी उपस्थिति के बीच रथयात्रा निकाली गई जो कि श्री जगन्नाथ मंदिर से निकलकर तितली चौक, रेल्वे स्टेशन, तारबाहर, गांधी चौक, तोरवा थाना, काली मंदिर होते हुए मौसी मां मंदिर पहुंची। रास्ते भर लोग भगवान जगन्नाथ के जयकारे लगाते रहे। प्रसाद का वितरण किया जाता रहा। मौसी मां के मंदिर पहुंचने महाप्रभु को सिंहासन पर बिठाया गया। अब भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ पूरे 8 दिन तक रहेंगे। इस बीच उनके सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 15 जुलाई को बहुड़ा यात्रा निकाली जाएगी।





रथ का रस्सा खींचने लगा रहा लोगों का तांता



### रथ में हुई विशेष पूजा

रथयात्रा निकलने से पहले उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने राजा के वेश में रथ की परिक्रमा की। फिर रथ के चारों तरफ झाड़ू लगा कर महाप्रभु की पूजा की। पूजा के समय श्रद्धालु एवं पूजा समिति के सदस्य जय जगन्नाथ के जयकारे लगाते रहे। भगवान जगन्नाथ पर आधारित गीतों की गूंज होती रही। इससे माहौल भक्तिमय बना रहा।

### आकर्षक रथ में बैठकर गए मौसी मां के घर

फूलों व नए कपड़ों से आकर्षक ढंग से सजे रथ में सवार होकर भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ भक्तों को दर्शन देते हुए अपने मौसी मां के घर गए। रास्ते में श्रद्धालुओं ने स्टाल लगाकर हलवा, मीठा चावल, ठंडा पानी, बूंदी का वितरण प्रसाद के रूप में किया। तारबाहर नाका में तारबाहर व्यापारी संघ की ओर से रथयात्रा का स्वागत किया गया। व्यवसायी रिचर्ड एंथोनी ने बताया कि व्यापारी संघ द्वारा हर साल रथयात्रा का स्वागत किया जाता है। हिंदू युवा संगठन ने खीर बांटकर महाप्रभु के प्रति आस्था जताई।

### कलाकार गाते रहे उड़िया भजन

रथयात्रा के समय कलाकार विशेष ड्रेस कोड में उड़िया भजनों की प्रस्तुति देते रहे। 15 सदस्यीय इस टीम के लोग रथयात्रा के साथ साथ चल कर भजन गाते रहे। रथयात्रा स्थल में मेले जैसा माहौल रहा। खिलौने, खाद्य सामग्री, आइस्क्रीम की कई दुकानें सजी रही। हवन, पूजन कर महाप्रसाद का वितरण किया गया।

### 40 से ज्यादा रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

संकटमोचन सेवा समिति के तत्वावधान में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा पर एक दिवसीय रक्तदान एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इसमें 40 से भी ज्यादा ग्रामीणों ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि अमित यादव जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री, गौरीशंकर यादव पूर्व जनपद पंचायत सभापति, नंदकिशोर यादव उपाध्यक्ष जिला देशहा यादव समाज बिलासपुर एवं संकटमोचन सेवा समिति के अध्यक्ष टीकाराम यादव ने



जरूरतमंद लोगों को मिलने वाली निःशुल्क रक्त के संबंध में विस्तार से बताया। रक्तदाताओं को सम्मान प्रशस्ति-पत्र एवं हेलमेट का वितरण किया गया। शिविर में प्रमुख रूप से समिति के टीकाराम यादव, राजकुमार पटेल, सिरू पाल, रामपाल, बाली पटेल, राजेश पटेल, बालाजी ब्लड बैंक की टीम सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। शिविर ग्राम सिलपहरी में आयोजित था।

### गौ सेवकों ने भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली

गौ सेवक विपुल शर्मा ने छेरापेहरा की रस्म व पूजन किया। देवी सुभद्रा, बलभद्र महाप्रभु जगन्नाथ के साथ रथ पर आरूढ़ होकर भक्तों को दर्शन दिए। हवन, पूजन के साथ महाप्रसाद का वितरण किया गया। गोपाल कृष्ण रामानुज दास ने बताया कि भगवान जगन्नाथ ही एक ऐसे महान प्रभु हैं जो अपने भक्तों को दर्शन देने अपना गर्भगृह श्री मंदिर से स्वयं बाहर आते हैं और अपने भक्तों पर कृपा करते हैं। भगवान को महाप्रसाद के रुप में भात व मीठा चावल का भोग लगता है। रथ भ्रमण के बाद भक्तों को खाजा व महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रदेश धर्माचार्य रजनी कांत महाराज, शत्रुहन कृष्ण दास, आशीष यादव, कुनाल यादव अनिमेष सोनी सही बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे।



एयू विवि में एक दिवसीय जनजाति विकास पर व्याख्यान

## ट्राइबल फूड पार्क के रिसर्च को आगे बढ़ाया जाना चाहिए

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय एवं वनवासी कल्याण आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में जनजातीय विकास में प्रशासन की भूमिका विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी ने की, व्याख्यान मे मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता आईएएस प्रवीर कृष्ण थे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व एमडी डा. शारदा वर्मा उपस्थित थीं। प्रवीर कृष्ण ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि बस्तर की जनजातियों ने हाट बाजार में हुए क्रय विक्रय मूल्य से हमें आवगत कराया। उन्होंने समाज की धारणा को बदलने को लेकर बात कही की जनजाति संतोषी नहीं होता बल्कि बात मानने को उनके पास कोई विकल्प नहीं है, उन्होंने बताया की भारत देश में फर्स्ट ट्राइबल मिशन मेरा वन मेरा धन मेरा उद्यम प्रारंभ किया गया। जगदलपुर में देश का पहला ट्राइबल फूड पार्क बनाया गया है, जनजाति के अलावा और कोई इनसे बेहतर क्वालिटी दे ही नही



सकता है। उन्होंने इंस्टीट्यूट के रिसर्च को आगे बढ़ाने और उन रिसर्च से ट्राइबल फूड प्रोडक्ट की पैकेजिंग के विषय में बात कही। उच्च शिक्षा विभाग की आयुक्त डा. शारदा वर्मा ने अपने व्याख्यान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को और कैसे बेहतर बनाया जाए, इससे अवगत कराया साथ ही उन्होंने बताया की ट्राइबल को उनकी सामग्री को बेचने और उनका मूल्य लगाने के लिए उनको शिक्षित करने की आवश्यकता है। उन्होंने जनजातीय विकास में प्रशासन की भूमिका पर प्रकाश डाला। कुलसचिव शैलेन्द्र दुबे द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। उक्त कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. तरूण धर दिवान के अलावा, विश्वविद्यालय, परिवार के समस्त शिक्षक जितेंद्र गुप्ता, रश्मि गुप्ता, डॉ.शालिनी मैडम, रेवा कुलशेष्ठा एवं अधिकारी गण ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में मुख्य सयोजक के रूप में यशवंत कुमार पटेल, हामिद अब्दुला ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## क्रिकेट संघ बिलासपुर को मिला छग के सर्वश्रेष्ठ जिले का अवार्ड

**बिलासपुर।** राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित वर्ष 2023-24 का वर्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव व कार्यक्रम की अध्यक्षता मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा किया गया। किरण देव ने कहा कि मैं भी एक क्रिकेटर रहा हूं, प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर का नाम रोशन कर रहे हैं। इन्होंने अपने समय की याद किया और पुराने साथी खिलाड़ियों को याद किया, क्रिकेट संघ के खिलाड़ियों की प्रशंसा कर कहा कि मेरी जरूरत जहां राज्य क्रिकेट संघ को पड़ेगी हर संभव मदद करने की कोशिश करूंगा। इस रंगारंग कार्यक्रम में भारत के मशहूर डांस ग्रुप 'गोल्डन गर्ल' ने अपने परफ़ॉर्मेंस सबको मंत्रमुग्ध किया। सभी ग्रुप में खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर सम्मान किया गया, जिसमें पुरस्कार राशि एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। क्रिकेट में योगदान के लिए पूर्व अध्यक्ष बलदेव सिंह भाटिया को लाइफ टाइम्स एक्सीलेंस व अवार्ड व छत्तीसगढ़ राज्य के एकमात्र टेस्ट खिलाड़ी राजेश चौहान को लाइफ टाइम्स अचीवमेंट दिया गया। राज्य क्रिकेट संघ ने बिलासपुर जिला क्रिकेट संघ को उसके प्रदर्शन 2023-24 के आधार पर राज्य का सर्वश्रेष्ठ जिले का पुरस्कार 5 लाख एवं ट्रॉफी प्रदान किया गया। बिलासपुर क्रिकेट संघ के खिलाड़ियों का अवार्ड कार्यक्रम में विशेष बोलबाला रहा, जिसमें महिला वर्ग में अंडर-15 में सर्वाधिक रन बनाने के लिए चांद चेलक को नकद 25 हजार एवं ट्रॉफी प्रदान किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के डायरेक्टर विजय शाह, अध्यक्ष जुबिन शाह, सचिव मुकल तिवारी, वूमंस आईपीएल के सदस्य प्रभतेज भाटिया, क्रिकेट संघ बिलासपुर के अध्यक्ष नवीन जाजोदिया, सचिव विन्टेश अग्रवाल, देवेन्द्र सिंह, आलोक श्रीवास्तव, अनुराग बाजपेई, विजय केसरवानी, नारायण अवती, दिलीप सिंह, आशीष शुक्ला, ओपी यादव आदि उपस्थित थे।




### पुरस्कारों में छाए रहे बिलासपुर के प्लेयर

अंडर -19 टी -20 ट्रॉफी में सर्वाधिक विकेट लेने पर तानिया बेरिया के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरूष वर्ग की विजय मर्चेंट ट्रॉफी में सर्वाधिक विकेट लेने पर धनंजय नायक को 25 हजार एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। अंडर-14 राजसिंह डूंगरपुर ट्रॉफी में सर्वाधिक रन बनाने पर अयानवीर भाटिया को 25 हजार एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। अंडर -14 क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने पर आयुष तोड़कर को 25 एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। आयुश पांडेय को सीके नायडू व वरुण भुई को विजय मर्चेंट एवं कूच बिहार ट्रॉफी में प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया। क्रिकेट संघ द्वारा बिलासपुर बुल्स के कप्तान आईपीएल सुपरस्टार शशांक सिंह को विजय हजारे में छत्तीसगढ़ के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने नकद राशि और ट्रॉफी प्रदान की गई। आयुष पांडे को छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ का मेंस सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। शशांक सिंह व अजय मंडल को आईपीएल में प्रतिनिधित्व के लिए ट्रॉफी प्रदान की गई।

सीटीईटी की परीक्षा दो पालियों में हुई

# एनसीईआरटी और स्कूली पाठ्यक्रम से पूछे गए सवाल

कार्नर न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा सेन्ट्रल टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट का आयोजन आज रविवार को दो शिफ्ट में करवाया गया है। पहली शिफ्ट की परीक्षा सुबह 9:30 से दोपहर 12 बजे तक एवं दूसरी शिफ्ट की परीक्षा दोपहर 2 बजे से 4:30 बजे तक संपन्न करवाई गई। पहले शिफ्ट में पेपर-2 का आयोजन किया गया है वहीं दूसरी शिफ्ट में पेपर-1 संपन्न करवाया गया गया। इस परीक्षा में पेपर-1 का आयोजन कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के लिए करवाया गया, जिसमें बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र, भाषा, गणित और पर्यावरण अध्ययन विषयों से 30-30 प्रश्न पूछे गए। प्रश्न पत्र में कुल 150 प्रश्न थे,जो सभी बहुविकल्पीय प्रकार रहे। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। इसी प्रकार पेपर-2 का आयोजन क्लास 6 से 8वीं तक की पात्रता हासिल करने के लिए हुई। अभ्यर्थी पार्थ ने बताया कि हिंदी के प्रश्नों ने थोड़ा परेशान किया और परीक्षार्थी आस्था कौशिक ने बताया कि जिसने भी एनसीईआरटी अच्छे तरीके से पढ़ी होगी, जिनका इस पर कमांड होगा उसके लिए आसान था। इसी प्रकार स्कूली पाठ्यक्रम की विकल्प को चयन करने में अधिक समय लग गया।



विकल्पों से हुए अधिक परेशान



### सीटीईटी में क्वालीफाई होने से राज्य और केन्द्र दोनों में पात्र

सीटीईटी की परीक्षा में 28 हजार अभ्यर्थियों ने परीक्षा दिलवाने फॉर्म भरा था, रविवार को परीक्षा में 25 हजार शामिल हुए, 3 हजार अनुपस्थित रहे। सीटीईटी की परीक्षा क्वालीफाई करने पर अभ्यर्थी राज्य और केन्द्र दोनों की शिक्षक भर्ती की प्रक्रिया में शामिल हो पाएंगे। वहीं सीजी टीईटी की परीक्षा में सिर्फ राज्य की भर्ती में शामिल होंगे।

### ईपीएफओं व ईएसआईसी के पदों के लिए हुई परीक्षा

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा प्रथम पाली 9.30 से 11.30 तक 2 केंद्रो में ईपीएफओ में पर्सनल असिस्टेंट की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में कुल दर्ज 659 परीक्षार्थी में से 194 उपस्थित व 465 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली 2 से 4 में 8 केंद्रों में ईएसआईसी के लिए नर्सिंग ऑफिसर की परीक्षा आयोजित की गई। उक्त परीक्षा में कुल दर्ज 3294 में से 2734 उपस्थित व 560 अनुपस्थित रहे। परीक्षा दौरान आयोग से आए राहुल गर्ग ,आयोग से नामित ऑब्जर्वर पंकज कुमार, एडीएम, नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारी द्वारा केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

### पाठ्य पुस्तकों से आए कई प्रश्न

अभ्यर्थी अर्पण ने कहा कि प्रश्न पत्र आसान रहा और कक्षा 1 से 10 के पाठ्य पुस्तकों से ही संबंधित प्रश्न पूछे गए थे। टीचिंग स्किल्स से जुड़े क्वेश्चन थोड़े उलझाने वाले थे, लेकिन जो विषय से संबंधित सवाल पूछे गए थे, वे पाठ्य पुस्तकों से ही थे।



# सिंगर नहीं पुजारी बनने के लिए घर से भागे थे कैलाश

**मुंबई।** कैलाश खैर का नाम बॉलीवुड के पॉपुलर सिगर्स की लिस्ट में शुमार हैं। आज उनका बर्थडे है। क्या आप ये जानते हैं कि कैलाश कभी सिगर बनना ही नहीं चाहते थे बल्कि वो पुजारी बनने के लिए छोटी सी उम्र में घर छोड़कर भाग गए थे। कैलाश खका जन्म 7 जुलाई को दिल्ली में हुआ था। उनके पिता एक लोक गायक थे। दरअसल कैलाश जब कैलाश खेर 14 साल के थे। तो घर से पुजारी बनने के लिए ऋषिकेश भाग गए। वहां कुछ दिन रहने के बाद उन्हें समझ आ गया कि ये सब उनके लिए नहीं है। इस चीज से वो एक दिन इस कदर निराश हो गए थे कि उन्होंने गंगा नदी में कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश की।

लाइफ Style



# रश्मिका

## 'कुबेर' का पहला टीजर जारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ फिल्म इंडस्ट्री से लेकर बॉलीवुड तक एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना अपनी खास पहचान बना चुकी हैं। बीते साल रणबीर कपूर के साथ आई ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' की सफलता के बाद एक्ट्रेस काफी डिमांड में हैं। उनके हाथ बॉलीवुड के एक और बड़ी फिल्म हाथ लगी है।

सलमान खान के साथ अगली फिल्म 'सिकंदर' में नजर आएंगी। इससे पहले उनकी एक और फिल्म सुर्खियों में है। रश्मिका और धनुष स्टारर फिल्म 'कुबेर' को लेकर काफी बज़ है। अब इस फिल्म का पहला लुक सामने आ गया है। शुक्रवार को मेकर्स और रश्मिका ने फिल्म का पहला टीजर रिलीज कर दिया है। 5 जुलाई को रश्मिका ने अपने सोशल मीडिया पर फिल्म का टीजर शेयर किया जिसमें वह एक अलग अंदाज में नजर आ रही हैं। 'कुबेर' का ये टीजर वीडियो 48 सेकेंड का है जिसमें काफी सस्पेंस बना हुआ है। फिल्म 'कुबेर' में रश्मिका मंदान और धनुष के अलावा नागार्जुन अक्किनेनी भी नजर आने वाले हैं। इसका निर्देशन कमान शेखर कम्मुला ने किया है। ये एक पैन इंडिया फिल्म होगी जो हिंदी, अंग्रेजी, तमिल और तेलुगु भाषा में रिलीज होगी। फिलहाल अभी फिल्म की रिलीज डेट सामने नहं आई है। वीडियो में रश्मिका आधी रात में एक जंगल जैसी गुमनाम जगह पर जाती हैं, अपने आसपास देखती हैं और फिर जमीन खोदना शुरू करती हैं। जमीन से एक सूटकेस निकालती हैं जिसमें ढेर सारे पैसे भरे होते हैं। उसे देख वह खुशी हो जाती हैं और भगवान को हाथ जोड़ते हुए धन्यवाद देती हैं। इस पूरे सीन से फिल्म को लेकर काफी सस्पेंस बना हुआ है।

## हॉलीवुड मसाला



# ऑस्कर विजेता जॉन नहीं रहे...

**लॉस एंजिलस।** ऑस्कर विजेता निर्माता जॉन लैंडौ, जिन्होंने फिल्म निर्माता जेम्स कैमरून के साथ मिलकर फिल्म 'टाइटैनिक' और 'अवतार' के लिए काम किया था। उनका कैंसर के कारण निधन हो गया। वह 63 वर्ष के थे। निधन से पहले लैंडौ ने 'अवतार 2' सीक्वल के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था। 1997 में रिलीज हुई 'टाइटैनिक' को लैंडौ और कैमरून की बदौलत सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार और तीन ऑस्कर जीते। इस जोड़ी ने अब तक रिलीज हुई सबसे ज्यादा कमाई करने वाली चार फिल्मों में से तीन साथ में बनाई है।




# जॉन सीना ने की डब्ल्यूडब्ल्यूई से संन्यास की घोषणा...

**लॉस एंजिलस।** पहलवान और अभिनेता जॉन सीना ने डब्ल्यूडब्ल्यूई से संन्यास की घोषणा कर दी है। जॉन साल 2001 से डब्ल्यूडब्ल्यूई से जुड़े हुए है और 16 बार वर्ल्ड चैंपियन का खिताब जीत चुके हैं। जॉन सीना ने एलान करते हुए कहा कि वो रेसलमेनिया 2025 के बाद डब्ल्यूडब्ल्यूई से संन्यास ले रहे हैं। जॉन सीना को लोग 23 साल से भी ज्यादा समय से रिंग में पहलवानी करते हुए देख रहे हैं और जब अगले साल वो आखिरी बार रिंग में उतरेंगे तो उनके चाहने वालों के लिए वो भावुक कर देना वाला पल होने वाला है। मालूम हो कि जॉन सीना डब्ल्यूडब्ल्यूई में 2018 से पार्ट-टाइम ही नजर आ रहे हैं। उन्हें अक्सर एक तौलिया के साथ देखा जाता रहा है, जिस पर 'कभी हार ना मानो' लिखा होता था, लेकिन इस बार उनके तौलिया पर लिखा था- 'अब आखिरी बार है'। जॉन सीना ने अपने संन्यास की घोषणा 'मनी इन द बैंक' के दौरान की, जो डब्ल्यूडब्ल्यूई की एक रेसलिंग प्रतियोगिता है।



# भड़के डॉक्टरः कहा- जेल भेजना चाहिए...

**मुंबई।** बीते कुछ सालों से सामंथा रुथ प्रभु मायोसाइटिस बीमारी से जूझ रही हैं। उन्होंने इसका इलाज भी कराया है और अब वह स्वस्थ्य हैं। बीते दिनों एक्ट्रेस को सामान्य वायरल हो गया था। इसके लिए उन्होंने लोगों को बिना जरूरत के दवाई लेने से मना करते हुए लोगों को नेबुलाइजर में हाइड्रोजन पेरोक्साइड और डिस्टिल्ड वॉटर का इस्तेमाल कर इलाज का उपाय बता रही थीं। उन्होंने कहा था कि इसका उपयोग करने से तुरंत आराम मिलता है और ये अनावश्यक दवाओं से बचता है। सामंथा के इस उपाय को लेकर एक डॉक्टर ने इस तरह की खतरनाक टिप्स देने पर उनकी जमकर आलोचना की और सामंथा को हेल्थ और साइंस का अज्ञानी बताते हुए लिखा कि लोगों की जिंदगी खतरे में डालने पर सामंथा पर फाइन लगना चाहिए या जेल भेजा जाना चाहिए।



# 'सिकंदर' में नजर आएंगे सत्यराज व प्रतीक

**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान एआर मुरुगडॉस ने संभाली है, वहीं साजिद नाडियाडवाला इस फिल्म के निर्माता हैं। 'सिकंदर' में सलमान के साथ अभिनेत्री रश्मिका मंदाना नजर आएंगी और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। ताजा खबर यह है कि प्रतीक बब्बर और सत्यराज फिल्म 'सिकंदर' की स्टार कास्ट में शामिल हो गए हैं। 'सिकंदर' की शूटिंग का पहला शेड्यूल खत्म हो चुका है। यह फिल्म अगले साल ईद के खास मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। नाडियाडवाला ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर प्रतीक और सत्यराज की कुछ तस्वीरें साझा की हैं।

## टीवी मसाला



# तारक मेहता में 'मिसेज सोढ़ी' से लेकर 'टप्पू' के किरदार में अब नए चेहरे..

**मुंबई।** कॉमेडी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' हमेशा चर्चा में बना रहता है। ये शो पिछले 15 सालों से दर्शकों को एंटरटेन करता हुआ आ रहा है। तारक मेहता शो में दिलीप जोशी को जेठालाल की भूमिका में देखा जाता है। जेठालाल तो इस शो की जान हैं। वहीं मुनमुन दत्ता तारक मेहता शो में बबीताजी की भूमिका में दिखाई देती हैं। बबीता जी पर जेठालाल जान न्योछावर करने को भी तैयार रहते हैं।

***इन कलाकारों को किया गया रिप्लेसः*** इस शो में पिछले सालों में कई बदलाव हुए हैं। जी हां आपको बता दें कि 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में अभी तक कई किरदारों को रिप्लेस किया जा चुका है। इस लिस्ट में सबसे पहला नाम टप्पू का आता है। टप्पू को शो में फैंस काफी पसंद करते हैं। इस रोल को सबसे पहले भव्य गांधी निभा रहे थे। बाद में इस रोल को राज अनादकट और अब फिर उनकी जगह नीतीश भलूनी ने ले ली है।

***मिस्टर एंड मिसेज सोढ़ी :*** इसके अलावा शो में मिसेज रोशन सोढ़ी का रोल जेनिफर बंसीवाल निभा रही थीं लेकिन उन्होंने इस शो को अलविदा कह दिया और अब मोनाज मेवावाला इस किरदार में दिखाई दे रही हैं। लिस्ट में आगे नाम है रोशन सिंह सोढ़ी का रोल निभाने वाले एक्टर गुरुचरण सिंह का, जी हां उन्होंने शो छोड़ दिया था जिसके बाद इस रोल को लाड सिंह ने निभाया था, लेकिन उन्होंने भी शो को छोड़ दिया था फिर अब बलविंदर सिंह रोशन सोढ़ी का किरदार निभा रहे हैं।

## बचपन में ही घर छोड़कर भाग गई थीं शहनाज

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 13' में अपनी चुलबुली अदाओं से दिल जीतने वाली शहनाज गिल अपने फैंस के दिलों पर खूब राज करती हैं, लेकिन एक टाइम ऐसा था जब शहनाज ने दर-दर की ठोकरें खाई हैं। शहनाज गिल ने आज अपनी मेहनत के दम पर टीवी से लेकर बॉलीवुड में अपनी खास पहचान बना ली है लेकिन एक समय ऐसा था जब इंडस्ट्री में नाम बनाने के लिए एक्ट्रेस बचपन में ही घर से भाग गई थी। शहनाज को हमेशा से खुद पर भरोसा था कि उनके सपने एक ना एक दिन पूरे हो जाएंगे। पंजाब की कैटरीना कैफ के नाम से खुद को बुलाने वाली एक्ट्रेस शहनाज को असली पहचान बिग बॉस से मिली है। बिग बॉस के घर के अंदर भी शहनाज ने बताया था कि, 'जब वह शूटिंग के लिए घर से निकलती थी, तो कोई भी उन्हें सेट तक छोड़ने के लिए तैयार नहीं होता था। घर में बहुत हंगामा होता था। इसके बाद करीब 3-4 साल तक घरवालों से उन्होंने सारे रिश्ते खत्म कर लिए थे।



# आलिया व शरवरी की फिल्म से उठा पर्दाः टाइटल हुआ रिलीज...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट अक्सर अपने धमाकेदार फिल्म को लेकर चर्चा में रहती हैं। इसी बीच आलिया और शरवरी की फिल्म का टाइटल रिलीज किया गया है। दरअसल, आलिया भट्ट आदित्य चोपड़ा की वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स की



पहली फीमेल लीड फिल्म एक्ट्रेस हैं। इसी बीच मेकर्स ने वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो के बैकग्राउंड में आलिया भट्ट की आवाज सुनाई दे रही है। वहीं बता दें, यशराज फिल्म्स अपने स्पाई यूनिवर्स को और भी बड़ा कर रहा है। अब तक उनके बैनर तले 'वॉर' से लेकर 'टाइगर' और 'पठान' जैसी कई फिल्में बन चुकी हैं, जिसमें शाहरुख खान से लेकर सलमान खान और ऋतिक रोशन जैसे सेलेब्स दमदार एक्शन करते हुए नजर आए थे। ऐसे में अब यशराज के सबसे बड़े यूनिवर्स में बॉलीवुड एक्ट्रेसेज आलिया और शरवरी का नाम भी जुड़ गया है।

***देश के दुश्मनों से भिड़ेंगी आलिया-शरवरी वाघ :*** इस फिल्म में आलिया भट्ट और शरवरी वाघ देश के दुश्मनों से भिड़ती नजर आएंगी। हालांकि, वायआरएफ ने ये कदम समाज में उस गलतफहमी को तोड़ने के लिए उठाया है कि केवल पुरुष ही अल्फा हो सकते हैं। ऐसे में अब 'अल्फा' का पहला वीडियो आते ही सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

# रणवीर चुराते थे निर्माताओं के फोन नंबर बदला सरनेम, बेच चुके हैं चिकन...

**मुंबई।** रणवीर सिंह आए दिन किसी न किसी वजह से चर्चा में रहते हैं। वह फिल्म इंडस्ट्री का वो नाम हैं, जिन्होंने अपने दम पर अपनी एक खास पहचान बनाई है। रणवीर आज यानी 6 जुलाई को अपना 39वां जन्मदिन मनाया। रणवीर ने बताया था कि कॉलेज के दिनों में पार्ट टाइम नौकरी करने के दौरान वह बटर चिकन बेचते थे और बनाया भी करते थे। वे अमेरिका की स्टारबक्स कैफे में पार्ट टाइम नौकरी भी करते थे। उस दौरान वह एक विज्ञापन एजेंसी में बतौर राइटर काम करते थे।

***असली सरनेम सिंह नहीं.... :*** बहुत कम लोग इस बात से वाकिफ होंगे कि रणवीर का सरनेम सिंह नहीं, बल्कि भवनानी है। फिल्मों में आने से पहले ही उन्होंने अपना सरनेम बदल दिया था।



दरअसल, एक इंटरव्यू में उन्होंने इसका खुलासा किया था कि यह सरनेम उनके नाम के साथ काफी बड़ा हो रहा था। ऐसे में उन्होंने इस बदलकर सिंह कर लिया। उन्हें लोग रणवीर सिंह के नाम से ही जानते हैं। रणवीर भवनानी से कोई नहीं जानता।

***लोगों के फोन से चुराते थे निर्माताओं के नंबरः*** रणवीर ने बताया था कि वह प्रोडक्शन हाउस में जाकर अपना पोर्टफोलियो दिया करते थे, लेकिन निर्देशक उसे कचरे के डब्बे में फेंक देते थे। एक समय उन्होंने उम्मीद छोड़ दी थी कि वो हीरो बन पाएंगे। काम की तलाश में रेस्तरां और नाइट क्लब में वह निर्माताओं का पीछा किया करते थे, ताकि उन्हें फिल्मों में एक बार मौका मिल जाए। वह फिल्मों में एक मौका पाने के लिए लोगों के फोन से निर्माताओं के नंबर चुराया करते थे।

***कॉलेज के दिनों में बेचा चिकन :*** रणवीर ने बताया था कि कॉलेज के दिनों में पार्ट टाइम नौकरी करने के दौरान वह बटर चिकन बेचते थे और बनाया भी करते थे। जब उन्होंने अमेरिका की इंडियाना यूनिवर्सिटी में एडमिशन लिया था, तब उन्होंने अभिनय और थिएटर के गुर सीखना शुरू किए।

***बॉलीवुड से पुराना नाता :*** रणवीर का 50 के दशक की अभिनेत्री चांद बर्क से बहुत करीबी नाता है, जिन्हें राज कपूर ने फिल्मों में ब्रेक दिया था। रणवीर इन्हीं के पोते हैं।

## ज्यादातर फिल्में सिनेमाघरों का रुख करेंगी, वहीं कुछ ओटीटी पर भी दस्तक देंगी

# इस माह रिलीज होने वाली हैं कई बड़ी फिल्में, इन सितारों पर लगा है दांव


*जून में कई फिल्में दर्शकों के बीच आईं। कुछ सफल रहीं तो कुछ असफल। हालांकि, 'कल्कि 2898 एडी' के साथ इस महीने का अंत धमाकेदार रहा। अब जुलाई में भी सिनेप्रेमियों को कई बढ़िया फिल्मों की सौगात मिलने वाली है। ज्यादातर फिल्में सिनेमाघरों का रुख करेंगी, वहीं कुछ ओटीटी पर भी दस्तक देंगी। जुलाई के महीने में कई सितारों की किस्मत दांव पर लगी है। आइए जानते हैं जुलाई में कितनी फिल्में रिलीज हो रहीं जो आपका मनोरंजन करेंगी।*

### 'औरों में कहां दम था'




इस साल के पहले 6 महीने में 'शैतान' और 'मैदान' जैसी फिल्मों के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करने वाले दमदार अभिनेता अजय देवगन फिल्म 'औरों में कहां दम था' लेकर आ रहे हैं। उनकी इस फिल्म ने 5 जुलाई को सिनेमाघरों का रुख किया। नीरज पांडे ने इसका निर्देशन किया है। फिल्म में अजय की जोड़ी तब्बू के साथ बनी है, वहीं जिमी शेरगिल भी इसमें एक खास भूमिका निभाने वाले हैं।

### 'किल'



यह फिल्म इसलिए भी चर्चा में है, क्योंकि करण जौहर और गुनीत मोंगा ने मिलकर इसे बनाया है। टीवी के जाने-माने अभिनेता लक्ष्य लालवानी इसके जरिए बॉलीवुड में अपनी शुरुआत कर रहे हैं। यह कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सवों में वाहवाही लूट चुकी है। फिल्म के ट्रेलर ने दर्शकों का ध्यान खींचा है। राघव जुयाल और तान्या मणिकतला भी इसका हिस्सा हैं। यह फिल्म भी 5 जुलाई को ही सिनेमाघरों में रिलीज हुई है।

### 'सरफिरा'



अक्षय कुमार की बड़े बजट की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' इस साल ईद के मौके पर रिलीज हुई थी, लेकिन इसने बॉक्स ऑफिस पर अपना कमाल नहीं दिखाया। अब वह फिर 'सरफिरा' के साथ रुपहले पर्दे पर अपनी वापसी के लिए तैयार हैं। राधिका मदान और परेश रावल फिल्म में अक्षय के साथ अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। यह फिल्म 12 जुलाई को सिनेमाघरों में आएगी।


### 'इंडियन 2' और 'बैड न्यूज'

अक्षय का सामना बॉक्स ऑफिस पर कमल हासन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'इंडियन 2' से होने वाला है। दरअसल, यह फिल्म भी 12 जुलाई को ही सिनेमाघरों में आएगी। फिल्म में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई की एक कहानी दिखाई जाएगी। फिल्म का ट्रेलर और इसमें कमल का धांसू अवतार दर्शकों को बेहद पसंद आया है। उधर फिल्म 'बैड न्यूज' सिनेमाघरों में 19 जुलाई को आएगी। इसके लिए पहली बार विक्की कौशल, तृप्ति डिमरी और एमी विर्क की तिकड़ी साथ आई है।



### 'ककुड़ा' और 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब'

सोनाक्षी सिन्हा, रितेश देशमुख और साकिब सलीम की फिल्म 'ककुड़ा' 12 जुलाई को जी 5 पर रिलीज होगी। उधर वरुण शर्मा, सनी सिंह, पत्रलेखा और जस्सी गिल की चर्चित कॉमेडी फिल्म 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब' 10 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है।



7-JULAY-REGNOL-pg-5_Layout 1 7/8/2024 12:00 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम आज

**भर्रीडांड़।** विधानसभा स्तरीय मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन 8 जुलाई को सद्भावना भवन मरवाही में दोपहर 2:30 बजे किया जाएगा।



कार्यक्रम में भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पाण्डेय, जिले के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, जिला संगठन प्रभारी डॉ.जयप्रकाश शर्मा , भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह राठौर, मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची, कोरबा लोकसभा संयोजक मनोज शर्मा, मरवाही विधानसभा प्रभारी संजय अग्रवाल उपस्थित रहेंगे।

### प्रशासन ने कथा स्थल का किया निरीक्षण



**लोरमी।** नगर के ढोलकी रोड स्थित स्थल में 2 अगस्त को पं. प्रदीप मिश्रा का शिव महापुराण कथा का आयोजन युवा मंडल के तत्वाधान में किया जा रहा है। समिति के पदाधिकारी ने कलेक्टर, एसपी को ज्ञापन सौंपकर सुरक्षा के लिए मदद मांगी है। एसडीम गिरधारी लाल यादव, पथरिया एसडीओपी पटेल, थाना प्रभारी अखिलेश वैष्णव की संयुक्त टीम ने कथा स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश समिति को दिया। इस दौरान युवा मंडल के प्रमुख अनिल सलूजा, लक्ष्मी गुप्ता, शिवेंद्र चतुर्वेदी, श्रवण गुप्ता, पंकज निर्मलकर सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

### प्रवेश उत्सव व पौधरोपण का कार्यक्रम संपन्न



**बेलतरा ।** शासकीय हाई स्कूल टेकर में प्रवेश उत्सव मनाया गया। सरपंच अभिमन्यु सूर्यवंशी के द्वारा बच्चों को तिलक लगाकर व पुस्तकें देकर स्वागत किया गया। 10वीं में 85% अंक अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं को नकद राशि पुरस्कृत करने की घोषणा की। शाला विकास समिति के सदस्यों, स्टाफ द्वारा एक पौधा मां के नाम लगाया गया। इस अवसर पर जी अभिमन्यु सूर्यवंशी, संजय राम धीवर, प्राचार्या नसीम बेगम, रेवती शर्मा, अर्जुनलाल सोनवानी, रामकुमार कश्यप, आशा पटेल, अरविंद गिरि गोसाई उपस्थित थे।

### खेलो इंडिया ट्रेनिंग सेंटर खोलने मंत्री साहू को ज्ञापन

**लोरमी।** नगर में खेलो इंडिया ट्रेनिंग सेंटर बॉक्सिंग खेल का प्रारम्भ करने हेतु अधिवक्ता रवि शर्मा, खेल प्रशिक्षक सुबोध कुमार सिंह ने मंत्री तोखन साहू को ज्ञापन सौंपा। लोरमी में विगत 5 वर्षों से बॉक्सिंग खेल का संचालन हो रहा है। पिछले वर्ष 23 प्रतिभागी राज्य स्तरीय, 4 राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन कर चुके है। वर्तमान में 150 से अधिक प्रतिभागी बॉक्सिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।



### हाई टेंशन तार से चिपकर कर्मचारी की मौत



**तखतपुर।** केबल बिछाने वाले युवक की हाई टेंशन तार से चिपकर मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है तथा शव को पोस्टमार्डम उपरांत परिजनों को सौंप दिया है। मुंगेली की ग्रेंड विजन कम्पनी द्वारा नगर में टीवी केबल लगाने का काम किया जा रहा है। कम्पनी के कर्मचारी मनियारी नदी पुल के स्वागत द्वार के पास केबल लगाने का काम कर रहे थे। दोपहर 1:30 बजे कर्मचारी सौरभ यादव उम्र 28 वर्ष केबल लगा रहा था। इसी बीच हाई टेंशन तार से वह टच हो गया और झुलसने लगा। इसकी विद्युत विभाग को सूचना दी गई। वहीं पर के टेंट हाऊस के कर्मचारियों की मदद से नीचे उतार उसे स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया।

## निधन

### आशीष तोलवानी

**बिलासपुर।** शुभम विहार निवासी आशीष तोलवानी का निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार झूलेलाल मुक्तिधाम कस्तूरबा नगर सिन्धी कालोनी में किया गया। वे घनश्याम दास तोलवानी के पुत्र व अशोक कुमार, मोहनलाल, नारायण, रमेश , राजकुमार के भतीजे व देवेंद्र तोलवानी के बड़े भाई थे।





रथयात्रा के दौरान महाप्रभु जगन्नाथ व रथ को खीचते केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू।

# निकली रथयात्रा, तोखन ने रथ खींचकर निभाई परंपरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

नगर के शिव घाट स्थित मंदिर प्रांगण से श्री जगन्नाथ रथ यात्रा पारंपरिक रिवाज के साथ प्रारंभ हुई। प्रथम सेवक के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने रथ को हाथ से खींचकर परम्परा का निर्वहन किया।

उन्होंने कहा कि ये पुरातन परम्परा है, जिसका हम निर्वहन कर रहे है। यह यात्रा पूरे भारत वर्ष के कल्याणकारी साबित होगी यही मेरी श्री जगन्नाथ से कामना है। इससे पहले मंदिर में श्री जगन्नाथ, माता सुभद्रा, भैया बलराम की भव्य आरती में श्राद्धलुओं के साथ सामिल हुए। भक्तों द्वारा झाड़ू लेकर छेरापहरा परंपरा को महिलाओं ने निभाया। इस दौरान भारी संख्या में रथ यात्रा दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। कार्यक्रम में विवेक गिरी महाराज सहित सैकड़ों की संख्या भक्त उपस्थित रहे। शिवघाट परिसर से होकर मानस मंच होकर नगर भ्रमण करते हुए पुराना बस स्टैंड, मुंगेली चौक से होकर फव्वारा चौक से वापस ब्रह्मनपारा में त्रिपाठी परिवार के निवास में सात दिन विश्राम कर बहुदा यात्रा में वापसी मंदिर पहुचेंगे। ग्राम पाली के पालेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण से जगन्नाथ रथ यात्रा गांव में निकाली गई। यहां प्रथम सेवक के रूप में करगी के राज परिवार के सदस्य कृष्ण कुमार दास ने परंपरा निभाई। साथ में उमा कश्यप ने छेरापहरा की रस्म निभाया। रथ को गांव में भ्रमण कराते हुए गोरे जायसवाल के निवास में रुकेंगे। सात दिन बाद बहुदा यात्रा का आयोजन कर वापस मंदिर में विराजेंगे।

■ पारंपरिक रिवाजों के साथ जगह-जगह निकली रथयात्रा

### पथरिया में गाजे बाजे से निकली रथयात्रा



**पथरिया ।** नगर में जगन्नाथ की रथयात्रा धूमधाम से निकाली गई। हरिकीर्तन गाजे बाजे के साथ निकाली गई रथयात्रा में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। रास्ते भर भगवान जगन्नाथ के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा मा महामाया मंदिर में पूजा अर्चना करने बाद रथ यात्रा महामाया मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण किया। रथयात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। भक्तों द्वारा स्टाल लगाकर प्रसाद व पानी का वितरण किया गया। आरती और प्रसाद वितरण के बाद रथयात्रा का विश्राम दिया गया।

### कोटा में निकली रथ यात्रा



**करगी रोड कोटा।** कोटेश्वर महादेव कोटसागर तलाब के पास जगन्नाथ मंदिर स्थापित है। जिसे यसोदा बाई वैष्णव के पुत्र शत्रुघन व भागवत मंदिर का संचालन करते है। इसी तारतम्य में प्रतिवर्ष की भांति नगर में जगन्नथ जी का रथ को भ्रमण कराते हुए लोगों ने श्रद्धा पूर्वक पूजा अर्चना की। भगवान अपने गर्भ गृह से निकलकर प्रजा का हाल जानने निकलते है। रथ यात्रा में संतोष वैष्णव, सत्यम , आयुश,यमन ,भागवत वैष्णव , आप्पल स्वामी शंभू आदि लोगो ने रथ यात्रा का संचालन किए।

### लगरा में निकली रथ यात्रा



**लगरा।** भगवान जग्गनाथ की रथयात्रा भजन कीर्तन के साथ निकाली गई। रथ यात्रा रामजानकी मंदिर से प्रांरभ होकर गांव के प्रमुख मार्ग यादव मोहल्ला, विश्वकर्मा मोहल्ला, श्रीवास मोहल्ला, स्कूल पारा, बजरंग चौक, आवास मोहल्ला से वापस होते हुए चांदनी चौक सहित प्रमुख मार्ग में भगवान कृष्ण, सुभद्रा व बलराम के झॉकी गुजरी। इस अवसर पर मनीराम गुरूजी, बिहारीलाल कैवर्त्य, रामनारायण केवट, साधराम केवट, लतेल राम केवट, अनिल यादव, दीलिप श्रीवास, युगल किषोर केवट शामिल थे।

## बिजली की समस्या को लेकर कांग्रेस का बस स्टेंड पर धरना प्रदर्शन आज

**जरहागांव।** अघोषित बिजली कटौती व लो वोल्टेज का खामियाजा ग्रामीण भुगत रहे है। विगत एक महीने से तराईगांव में विद्युत पोल टूटने के कारण लाइट पूरी तरह से बंद है। जिससे ग्रामवासी किसान बहुत ही ज्यादा परेशान हैं।

विद्युत विभाग के अधिकारियों की निष्क्रियता व लापरवाही के कारण लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे है। ऐसा ही आलम जरहागांव से लगे कोना की है। जहां एक महीने से लोग अंधेरे में गुजर बसर कर रहे है। सरपंच ऋषि दीवान ने बताया कि इसकी जानकारी विद्युत विभाग को दिया गया है पर उनके द्वारा कोई सुधार कार्य नहीं किया जा रहा है। विद्युत दरों में बेतहाशा बढ़ोतरी व अघोषित विद्युत कटौती को लेकर कांग्रेस कमेटी जरहागांव के नेतृत्व में आज 8 जुलाई सोमवार समय सुबह 11 बजे बस स्टैंड जरहागांव में ब्लॉक स्तरीय एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा ।



### कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज

**लगरा ।** प्रदेश व जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार अघोषित विद्युत कटौती व बिजली के दर में बढ़ोतरी को खिलाफ 8 जुलाई सोमवार 12 बजे सेंदरी बिजली ऑफिस के सामने बेलतरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदेश भर में हो रही अघोषित बिजली कटौती बंद कराने के लिए व प्रदेश की आम जनता व किसानों को राहत पहुंचाने की मांग की जाएगी।

### सीपत में प्रदर्शन नवाडीह चौक में

**सीपत।** प्रदेश कांग्रेस के निर्देशन पर अघोषित बिजली कटौती और बिजली दरों में बढ़ोतरी को लेकर सोमवार सुबह 11 बजे नवाडीह चौक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सीपत के द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष राजेंद्र धीवर ने बताया कि विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि की गई है। क्षेत्र में बार बार हो रही अघोषित विद्युत कटौती से आम जनता व किसान परेशान है।

### आयुष कॉलेज ऑफ एजुकेशन मेड़ुका में पौधरोपण



**पेंड्रा ।** आयुष कॉलेज ऑफ एजुकेशन मेड़ुका में मानसून पर सार्थक फाउंडेशन की टीम ने पौधरोपण किया। इस दौरान काजू, बादाम, बेल, आंवला, नीम, पीपल के पौधे लगा इनका महत्व बताया गया। इस मौके पर फाउंडेशन की अध्यक्ष निलिशा गुप्ता, उपाध्यक्ष नीता जैन, सचिव पद्मा येल्लयी, सचिव पिंकी सातुवाला, अंकिता अग्रवाल, रेवती, भारती सोनी जायसवाल, उर्मिला गोयल उपस्थित रहे।

## माता कर्मा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए साव

**लोरमी।** ग्राम सारिस्ताल में भक्त माता कर्मा मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में डिप्टी सीएम अरुण साव व राज्य मंत्री तोखन साहू शामिल हुए।

■ लोरमी के विकास में कोई कमी नहीं होगी :साव

समारोह को संबोधित करते हुए श्री साव ने कहा कि भगवान जगन्नाथ यात्रा के दिन मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई है। भक्त माता कर्मा खिचड़ी बनाकर भगवान जगन्नाथ को भोग लगाती थी। आप सब ग्रामवासियों ने मिलकर यहां भव्य मंदिर का निर्माण किया है, यह सराहनीय कार्य है। डिप्टी सीएम ने कहा कि आपके विधायक को उपमुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश की सेवा करने का अवसर मिला है। वहीं सांसद तोखन साहू जी को केंद्रीय राज्यमंत्री बनाया गया है और उन्हें पीएम मोदी के साथ काम करने का मौका मिला है। ये क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। श्री साव ने कहा कि लोरमी के विकास में कोई कमी नहीं होगी। आने वाले समय में क्षेत्र की तस्वीर बदल जाएगी। मंत्री तोखन साहू ने कहा कि विष्णुदेव साय की सरकार ने मोदी की गारंटी को 100 दिन में पूरा किया है। पीएम मोदी ने पहली ही कैबिनेट में 3 करोड़ आवास की स्वीकृति दी है। समरोह में राजेश साहू, बोधीराम साहू, डॉ उदयराम साहू, विश्वनाथ साहू, संतोष साहू फौजी, नेत्रराम साहू, अनिता साहू, हरीश साहू, गोपाल साहू, कुलेश्वर साहू, उत्तम साहू, हीरा साहू, भवानी शंकर साहू सहित गणमान्य नागरिक व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



कार्यक्रम में उपस्थित डिप्टी सीएम अरुण साव, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू।

## दुकानों में खाद्य पदार्थों को ढंक कर रखने औषधी प्रशासन ने दिए निर्देश



**सरगांव।** क्षेत्र में संचालित हो रहे खाद्य संबंधित दुकानों में आज खाद्य एवं जिला खाद्य औषधि प्रशासन ने दुकान दुकान जाकर खुले मे रखें खाद्य पदार्थों को कांच या जाली से ढकने के निर्देश देते हुए दुकानों पर छापा मार कार्रवाई की गई। बरसात की शुरुआत होते ही मक्खियों की अधिकता खाद्य पदार्थों पर बढ़ जाती है। जिससे लोगों को डायरीया जैसे गंभीर बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है। होटल संचालकों व खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वाले दुकानों को मक्खियों से बचने के निर्देश दिए गए हैं। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी पुष्पा खाखा, नमूना सहायक अधिकारी नोहर खरे बताया कि दुकानदार कम लागत और पैसे की बचत को देखते हुए बारिश में कोई भी प्रकार की सावधानी नहीं रखते।

## डीएवी सीएम पब्लिक स्कूल देवरीखुर्द में शैक्षिक स्तर पर प्रतिभा सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

डीएवी सीएम पब्लिक स्कूल देवरीखुर्द में शैक्षिक स्तर पर प्रतिभा प्रदर्शित करने वाले विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोनन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अथिति जिला पंचायत सदस्य घनश्याम कौशिक, विद्या परिषद के गौरी शंकर कौशिक रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया। विनय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि राज्य में संचालित 72 डी ए वी विद्यालय में हमारे क्षेत्र का विद्यालय गुणवत्ता मानक सूचकांक में द्वितीय स्थान पर रहा। कक्षा 10 में प्रवीण सूची पर रहे विद्यार्थी सिद्धि कौशिक, आयुष कश्यप, अर्पिता मिश्रा, 12 वीं विज्ञान संकाय में प्रवीण स्थान करने वाले विद्यार्थी तृप्ति वर्मा, माधुरी पटेल, सिद्धि बंसल, ईशा साहू, वाणिज्य संकाय में प्रवीण स्थान प्राप्त किए गए शगुन कौर गुंबर, अर्जुन सिंह, आस्था तिवारी को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षिका एकता सिंह को भी सम्मानित किया गया। रीना सिंह के द्वार आभार व्यक्त किया गया।





## मां डिडनेश्वरी देवी मंदिर में गुप्त नवरात्र के दूसरे दिन दुर्गा सप्तसती का पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

मां डिडनेश्वरी देवी मंदिर में आषाढ़ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा शनिवार से प्रारम्भ हुए गुप्त नवरात्र के दूसरे दिन रविवार को दुर्गकसप्तसती पाठ के अलावा अन्य अनुष्ठान संपन्न हुए।

प. देवनारायण पांडेय के आचार्यत्व में सभी पूजन कार्यक्रम हो रहे है। जिसमें नित्य विशेष पूजन के साथ दुर्गासप्तसती पाठ व अन्य धार्मिक अनुष्ठान प. हिमांशु शुक्ला यजमान के साथ संपन्न करवा रहे है। ज्योतिकलश कक्ष में वेदी बनाकर देवी देवताओं का आवाहन कर मनोकामना के 7 दीप प्रज्वलित किए गए है। नवरात्रि में मां महाविद्या अद्वितीय रूप लिए हुए प्राणियों के समस्त संकटों का हरण करने के लिए आती है। देवी का दस महाविद्या स्वरूप साधना के लिए बहुत उपयोगी और महत्वपूर्ण माना जाता है। इन दस महाविद्या की पूजा केवल गुप्त नवरात्रि में ही की जाती है।



एनपीके की जगह डीएपी की अधिक है मांग

# मार्केफेड ने 82 फीसदी डीएपी समितियों को भेजा, मार्केट में 18 सौ में बिक रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर/तखतपुर

जिले में किसानों को रोपाई के लिए डीएपी खाद की जरूरत है, लेकिन समितियों द्वारा इसकी जगह एनपीके थमाया जा रहा है। इन दिनों समितियों में डीएपी का स्टॉक कम हो गया है। मांग के अनुरूप डीएपी समितियों में नहीं है। अधिकारियों का कहना है कि डीएपी से बेहतर एनपीके और सुपर फास्फेरट जैसे खाद हैं, लेकिन किसान इन्हें लेने में रुचि नहीं ले रहे हैं।

मार्केफेड का दावा है कि समितियों को 82 फीसदी डीएपी भेजवा दिया है, वही 18 फीसदी ही बाकी है। समितियों को 6 हजार 8 टन खाद मार्केफेड द्वारा दिया गया है, जबकि लक्ष्यि 8 हजार 300 टन का है। इसके बाद भी समितियों में डीएपी का स्टॉक कम हो गया है। कुछ समितियों में खाद ही नहीं होने की जानकारी मिल रही है।





**अंगूठा लगाने पर ही मिलता है खाद:** तखतपुर नया बस स्टैण्ड में संचालित बजरंग खाद भण्डार के संचालक चंद्रप्रकाश पटेल ने बताया कि पहले कोई भी व्यक्ति अपने आप को कृषक बताकर यूरिया, डीएपी लेकर चला जाता था। इसके लिए सरकार ने व्यवस्था दी है कि अब जो भी व्यक्ति यूरिया लेने आता है उसके कृषक होने का प्रमाण लेते हैं जिसमें खाद लेने के बाद फिंगर लगाना पड़ेगा और आधार कार्ड जमा करना पड़ता है। ताकि वह कृषक दोबारा कहीं पर यूरिया लेने जाता है तो उसके आंकड़े शासन के पास दर्ज है।

### अधिक कीमत में बेच रहे व्यापारी

समितियों में डीएपी की कमी होने का पूरा फायदा व्यापारी उठा रहे हैं। ये डीएपी को निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत में बेच रहे हैं। जानकारी के अनुसार सहकारी समितियों में डीएपी 1350 रुपए प्रति बोरी की दर से मिल रहा है, व्यापारी इसे 16 से 18 सौ रुपए प्रति बोरी की दर से बेच रहे हैं।

### डीएपी और एनपीके में अंतर

डीएपी एक रासायनिक और अमोनिया आधारित खाद है। इसमें 18 प्रतिशत नाइट्रोजन, 46 प्रतिशत फास्फोरस और 15.5 अमोनियम नाइट्रेट होता है। वहीं एनपीके में 12 प्रतिशत नाइट्रोजन, 32 प्रतिशत कार्बोलिक अम्ल और 16 प्रतिशत पोटेशियम होता है, जिसके चलते किसान डीएपी के स्थान पर एनपीके का उपयोग कर सकते हैं। डीएपी उर्वरक में पोटेशियम नहीं होता है, जबकि एनपीके उर्वरक में पोटेशियम भी होता है, परन्तु डीएपी में फास्फोरस अधिक होने के कारण किसान इसे ही प्राथमिकता देते हैं।

### जिले में है पर्याप्त भंडारण

कृषि विभाग के सहायक संचालक अनिल कौशिक ने बताया कि जिले में यूरिया का लक्ष्य 35 हजार 800 टन है, समितियों में 34 हजार 35 टन का भंडारण कर लिया गया है, किसानों ने 19 हजार 753 टन यूरिया का उठाव किया है। डीएपी के लिए वर्ष 2024 में 11 हजार 700 टन का लक्ष्य रखा गया है, जबकि 11 हजार 419 टन भंडारण किया गया है, जिसमें किसानों ने 3 हजार टन का उठाव नहीं किया है, किसानों के द्वारा 8 हजार 400 टन डीएपी का उठाव किया गया है।

### निजी और सरकारी की दर में अंतर

तखतपुर अंचल में सरकारी और निजी दुकानों में जहां यूरीया में दस रूपए तो डीएपी में 20 से 50 रूपए का अंतर है। यूरिया की कीमत सरकारी दुकान में 266 और बाजार में 300 रूपए, डीएपी सरकारी दुकान में 1350 वहीं बाजार में डीएपी 1400 रूपए है। दरों में अंतर इसलिए आता है कि लोडिंग अनलोडिंग और हमाली के अलावा गोडाऊन और दुकान किराया लगता है।

## खबर संक्षेप

### बस की टक्कर से बाइक सवार दंपती घायल

**बिलासपुर।** बस के ड्राइवर ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में पति पत्नी व दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, कोनी विश्व विद्यालय परिसर निवासी सुवाश लहरे पिता सुधे लहरे 6 जुलाई को जांजगीर चांपा से बाइक क्रमांक सीजी 28 क्यू, 2254 में परिवार के साथ लौट रहे थे। दोपहर 3 बजे तोरवा पावर हाउस चौक के पास पीछे से आ रहे सिंग ट्रेवल्स की बस क्रमांक सीजी 10 बीआर, 7041 के ड्राइवर ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में सुवाश लहरे व उनकी पत्नी सोनिया लहरे, बेटा अमन लहरे 4 साल, आर्यन 8 माह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सुवाश लहरे की रिपोर्ट पर बस ड्राइवर के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 ए, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### जीजा साला के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** पुराने विवाद का हवाला देकर जीजा साला के साथ मारपीट करने वाले हमलावरों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, जूनी लाइन निवासी ललित यादव पिता सुखलाल यादव 6 जुलाई को रात 8.45 बजे अपने घर में थे। इसी दौरान पुराने विवाद का हवाला देकर उनके साले कीर्तन यादव के साथ आसिफ मैली, सोनू खान गाली गलौज कर हाथ मुक्का व बेल्ट से मारपीट करने लगे। साला के साथ मारपीट करते देख ललित बीच बचाव करने गए तो उनके साथ भी जमकर मारपीट कर दी गई है। पुलिस ने ललित यादव की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 125, 296, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### झांसा देकर युवती से अनाचार, गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शादी करने का झांसा देकर युवती से अनाचार करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। सिरगिट्टी टीआई विजय चौधरी ने बताया कि क्षेत्र की रहने वाली एक युवती एन्जियों में काम कर घूम घूमकर बीमार पशुओं की इलाज व सेवा करने की काम करती है। इसी दौरान उनकी एन्जियों में काम करने वाले यदुनंदन नगर सांई विहार निवासी सच्चीदानंद कौशिक 30 साल से जान पहचान हुई दोनों मिलकर पशुओं के सेवा करने का काम करने लगे। इसी बीच युवक ने अपने पुराने घर गणगौर कालोनी में युवती को मिलने बुलाया और शादी करने का आश्वासन देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद एक साल तक युवक उनके साथ शारारिक शोषण करता रहा है। युवती ने शादी करने का दबाव बनाई तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ धारा 376, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### बच्चों का ड्राप आउट रोकने कमेटी

**बिलासपुर।** शिक्षा के अधिकार आरटीई के तहत शासन ने हर बच्चे को पढ़ाई का अधिकार दे रखा है। इसके बाद भी पिछले तीन साल में प्रदेशभर में 53 हजार बच्चों ने सत्र के बीच में ही स्कूल ड्रापआउट कर अपनी पढ़ाई छोड़ दी। इसे लेकर राज्य सरकार ने कड़े कदम उठाए हैं। सभी जिले के कलेक्टरों को इस पर मंथन कर रिपोर्ट मांगी गई है। पिछले दिनों बिलासपुर जिले में भी इसे लेकर बैठक आयोजित हुई। इसमें निजी स्कूलों से बच्चों की पढ़ाई छोड़ने का मुख्य कारण आरटीई में निःशुल्क एडमिशन के बाद कॉपी-किताब और ड्रेस सहित अन्य एक्टिविटी के शुल्क को लेकर बच्चों को प्रताड़ना का कारण सामने आया। अब जिला स्तर पर निजी स्कूलों पर नकेल कसने और आरटीई के तहत एडमिशन के बाद बच्चे स्कूल की पढ़ाई न छोड़े। इसके लिए 7 सदस्यीय कमेटी बनेगी। जिला कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, सहायक आयुक्त शिक्षा, डीईओ, डीएमसी, एक प्राचार्य और एक पालक इस कमेटी के सदस्य होगें जो निजी स्कूलों पर नजर रखने के साथ ही बच्चों और अभिभावकों की समस्या सुनेंगे।

# सिम्स प्रबंधन 6 माह करता रहा इंतजार, स्टे हटने के बाद नहीं लिया अभिमत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स प्रबंधन द्वारा 20 साल से नौकरी कर रहे 10 कर्मचारियों को निकालने के मामले में प्रबंधन की लापरवाही सामने आ रही है। कर्मचारियों के खिलाफ स्टे जनवरी माह में ही हट चुका है। ऐसे में सिम्स प्रबंधन द्वारा शासन से अभिमत और आदेश लेकर ही कर्मचारियों को हटाने का फैसला कर सकता था, लेकिन प्रबंधन 6 माह इंतजार करता रहा और एक कर्मचारी के रिटायरमेंट के दिन ही 9 लोगों को नौकरी से हटा दिया। वहीं इस मामले में सीएमएचओ ने साफ तौर पर कह दिया है कि शासन से आदेश प्राप्त नहीं होने के कारण कर्मचारियों को ज्वाइनिंग नहीं दी जा सकती है। ऐसे में इन 9 कर्मचारियों की नौकरी अधर में लटक गई है।




सिम्स प्रबंधन ने 28 जून को स्वास्थ्य सहायक, लैब असिस्टेंट, ए एनएम, डार्करूम अटेंडेट जैसे 10 लोगों को सीएमएचओ कार्यालय के लिए कार्यमुक्त कर दिया, जानकारी के अनुसार जिस प्रकरण का हवाला देकर सिम्स प्रबंधन ने कर्मचारियों को हटाने का आदेश दिया है, इसका स्टे जनवरी माह में हट चुका है, ऐसे में 6 माह तक प्रबंधन ने राज्य सरकार से अभिमत और आदेश लेने के लिए पत्राचार नहीं किया। वहीं कर्मचारियों को हटाने के संबंध में शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश नहीं दिया गया है, जबकि ऐसे मामले में कर्मचारियों को हटाने का आदेश शासन स्तर पर दिया जाता है। इन कर्मचारियों की नियुक्ति 2001 व 2003 के बीच हुई है, अब तक कर्मचारियों के वेतन और भत्ते सिम्स द्वारा दिए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार इसके लिए शासन 5 करोड़ रूपए का बजट भी सिम्स को देता है। सिम्स प्रबंधन जिन कर्मचारियों निकालने के लिए कोर्ट से स्टे हटने हवाला दे रहा है, उनमें से डार्करूम अटेंडेट रजनीश कुमार बाघ, कुक बिसाहू राम और रामचन्द्र, मेस सर्वेंट सूरज बाई, क्लीनर संजय गुप्त कभी भी कोर्ट नहीं गए हैं और उन्हें कोई स्टे भी नहीं मिला है।

### डॉ. सहारे कर चुके हैं कर्मचारियों की छंटनी

जानकारों का कहना है कि डीन डॉ केके सहारे इससे पहले भी कर्मचारियों को हटा चुके हैं। डीकेएस सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में अधीक्षक रहते हुए डॉ केके सहारे ने सफाई कर्मचारी, सुरक्षा गार्ड, लॉड्रीमैन, टेक्नीशियन, आउट सोर्सिंग के कर्मचारियों को हटा दिया था। वहीं कुछ वेंडरों का भुगतान भी रोक दिया था। कर्मचारियों ने इस फैसले को लेकर प्रदर्शन भी किया था। उस दौरान भी डॉ केके सहारे की शिकायतें शासन से की गई थीं, जिसके बाद डॉ केके सहारे को पद से हटाना पड़ा था।

### सीएमएचओ ने कहा- आदेश नहीं है

सीएमएचओ डॉ प्रभात श्रीवास्तव ने इस संबंध में कहा है कि राज्य सरकार द्वारा कर्मचारियों को ज्वाइंनिग देने के संबंध में कोई आदेश नहीं मिला है, महज सिम्स के पत्र लिख देने से ज्वाइंनिंग नहीं दी जा सकती है। कर्मचारियों से संबंधित सभी दस्तावेज सिम्स प्रबंधन के पास हैं, वेतन, भत्ते भी दिए जाते रहे हैं। ऐसे में सिम्स द्वारा इस तरह की कार्रवाई समझ के परे है।

### संविलियन नहीं फिर भी कर रहे काम

सिम्स की स्थापना के समय गुरूघासीदास यूनिवर्सिटी द्वारा ही प्रबंध का कार्य देखा जाता था, जिला अस्पताल के कई कर्मचारियों का यहां संविलियन कर लिया गया था और कुछ के संविलियन लंबित रहे हैं। जानकारी के अनुसार सिम्स में कार्यरत दर्जन भर डाक्टरों का भी संविलियन नहीं हो सका है, इसके बावजूद उनकी नौकरी बचाई गई है, जबकि जिन कर्मचारियों को हटाया गया है, वे पिछले 20 साल से नौकरी कर रहे थे।

### स्टे हटने के बाद हटाया गया

कर्मचारियों के संबंध में शासन से आदेश नहीं लिया गया है, शासन ने साल 2011 में ही आदेश दे दिया था, कर्मचारी इसके खिलाफ स्टे ले चुके थे, स्टे हटने के बाद ही कर्मचारियों को सिम्स ने हटाकर सीएमएचओ कार्यालय भेजा है। इसमें कुछ भी गलत नहीं है।

**-डॉ. केके सहारे**, डीन, सिम्स

### कर्मचारी शासन स्तर पर बात कर सकते हैं

शासन से सिम्स ने कोई अभिमत नहीं मांगा है, प्रबंधन ने स्वविवेक से निर्णय लिया होगा। कर्मचारियों को हटाने का मामला जानकारी में नहीं है। सिम्स प्रबंधन ने ऐसा कुछ किया है तो कर्मचारियों के पास भी सारे अधिकार हैं, वे शासन स्तर और कोर्ट में अपनी बात रख सकते हैं। फैसला आने का इंतजार करना होगा।

**-जनक पाठक**, हेल्थ कमिश्नर, चिकित्सा शिक्षा

**अव्यवस्था :** कंडम हो चुकी गाड़ियों को थाना के पीछे फेंक दिया गया, देखने वाला भी कोई नहीं

# जब्त की गई गाड़ियों से पटा सिविल लाइन थाना की सुन्दरता को लगा रहा ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक तरफ थानों को साफ सुन्दर बनाने का आदेश जा रहा है। वहीं शहर के वीआईपी सिविल लाइन थाना परिसर जब्ती के वाहनों से पट गया है। आलम यह है कि विवेचक कक्ष में जाने के लिए रास्ता तक नहीं है। कंडम वाहनों को थाना पीछे फेंक दिया है। सुरक्षा के अभाव में वाहनों के पार्टस चोरी हो रहे हैं।

- सुरक्षा के अभाव में गाड़ियों के पाट्र्स हो रहे चोरी

पुलिस के उच्च अधिकारियों के द्वारा थाना परिसर में साफ सफाई करने आदेश दिया गया है। पूर्व में सिविल लाइन थाना में जब्त वाहनों को थाना के पीछे किनारे कराकर थाना परिसर में डामरीकरण व सीमेंटीकरण कर चारों ओर लाइट लगाई गई थी, इसके अलावा थाना परिसर में गमले रखे गए थे, जिससे दूर से थाने की सुन्दरता नजर आने लगी थी, किन्तु पिछले कुछ समय से पूरा थाना परिसर जब्ती के वाहनों से खचाखच भर गया है। आलम यह है कि विवेचक कक्ष में जाना मुश्किल हो गया है।


सिविल लाइन थाना परिसर में इस तरह कंडम गाड़ियां पड़ी हुई है।

### 1000 जले वाहन थाना परिसर से गायब

पूर्व में उच्च अधिकारियों के आदेश पर जिलों के थानो में जब्त लगभग 1000 बाइक को सिरगिट्टी थाना में शिफ्ट के थाना के पीछे रख दिया गया था। उसके बाद उक्त वाहनों में भीषण आग लग गई और सारे वाहन जल गए थे। कुछ समय तक जले वाहन थाना के पीछे रखे रहे। डेढ़ साल पूर्व सभी जले वाहन थाना परिसर से गायब हो गए थे। अब तक इस मामले की जांच नहीं हुई है।

### जब्ती वाहनों के भरमार स्टाफ बाहर रख रहे वाहन

थाना परिसर में खचाखच जब्ती के वाहनों रखने से थाने में काम करने वाले स्टाफ के लिए वाहन रखे की जगह नहीं है। रोज ड्यूटी में आने वाले स्टाफ को मजदूरी में सीसीएसपी आफिस परिसर व सड़क में अपनी वाहन रखना पड़ रहा है। इसी तरह थाने में फरियाद लेकर आने वाले पीड़ितों को अपने वाहन थाना परिसर के बाहर सड़क पर खड़े करना पड़ रहा है।

### नया थाना भवन तैयार नहीं हुई शिफ्टिंग

सिविल लाइन थाना के पीछे नया हाईटेक थाना भवन कर तैयार हो गया है। थाना परिसर में रखे गए वाहनों से नया थाना भवन जाने के लिए रास्ता तक नहीं है, जबकि नए थाना भवन में शिफ्टिंग के बाद विवेचकों व पीड़ितों के आराम से बैठने की व्यवस्था हो जाएगी।

### पीछे रखे वाहनों के पाट्र्स चोरी

लंबे अरसे से थाने में रखे जब्त कंडम वाहनों को थाना के पीछे रख दिया गया है। थाना के पीछे सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने से जब्त कंडम वाहनों के पाट्र्स चोरी हो रहे हैं। अधिकांश वाहनों के पाट्र्स गायब हो गए हैं।

### थाना के पीछे शिफ्ट किया जाएगा

थाना के पीछे बाउंड्रीवाल बनाकर दरवाजा लगाया गया है। एक दो दिनों में थाना परिसर में खड़े जब्ती के वाहनों को थाना के पीछे शिफ्ट किया जाएगा। एसपी के निर्देश के बाद नए थाना भवन में शिफ्टिंग की जाएगी।

**-प्रदीप आर्या,** सिविल लाइन टीआई

फरार था आरोपी, 10 आरोपी चढ़ चुके हैं पुलिस के हत्थे

# ऑनलाइन सट्टा संचालक रितेश पेंड्रा में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

क्रिकेट में ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले फरार आरोपी को पकड़ने में पेंड्रा पुलिस को सफलता मिली है। आईपीएल के दौरान ऑनलाइन सट्टा खिलाने ऐप रितेश सुलतानिया ने अपने दोस्त मधुर जैन के साथ एक ऐप बनाया। शॉर्ट कट से पैसे बनाने रितेश ने राजधानी रायपुर से इस ऐप की शुरूआत की। रितेश मास्टर आईडी के जरिए राजारानी नाम के इस ऑनलाइन ऐप से सट्टे का बाजार संचालित करता था।


आरोपी।

रितेश और मधुर इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और फेसबुक पर इस ऑनलाइन सट्टे के ऐप का प्रचार करते थे। इसके लिए उन्होंने पिक्सआर्ट ऐप पर बनाया, आकर्षक पोस्टर खरीदे। लोगों से संपर्क करने फर्जी सिम और फर्जी खाते खुलवाए। इसके अलावा सट्टा खिलाने स्थानीय युवाओं को एजेंट बनाकर अपना गिरोह तैयार कर रहे थे।

आईपीएल के दौरान सट्टे के खिलाफ जीपीएम की साइबर सेल ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही थी। इस बीच रितेश सुल्तानिया पुलिस की पकड़ से बचकर फरार होने में सफल हो गया। वहीं उसके एजेंट, फर्जी सिम जुगाड़ने वाले सिम विक्रेता से लेकर खाता किराए पर देने वाले भी गिरफ्तार हुए। रितेश सहित अब तक कुल 10 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं।

असली मालिक की शिकायत पर जुर्म दर्ज

# दूसरी महिला को खड़े कर 45 लाख में बेच दी जमीन

**बिलासपुर।** सरकंडा के बंगालीपारा में रहने वाली महिला की जगह दूसरी महिला को रजिस्ट्री कार्यालय में खड़ी कर जालसाजों ने जमीन बेच दी। खरीदार जब वहां निर्माण कराने पहुंचा तो पूरे मामले का भंडाफोड़ हो गया। जमीन मालिक ने इसकी शिकायत सरगांव थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

सरकंडा के बंगाली पारा में रहने वाली सीमा साहू गृहणी हैं। महिला ने बताया कि उन्होंने 2011 में सरगांव स्थित 75 डिसमिल जमीन को खरीदा था। इसके बाद से जमीन उनके कब्जे में है। महिला ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व नागोराव शेष स्कूल के पास रहने वाले विजय कुमार हिरानी जमीन पर बाउंड्रीवाल कराने पहुंचा। इसकी जानकारी होने पर सीमा के पति ने मौके पर पहुंचकर आपत्ति की। खरीदार ने बताया कि उसने जमीन खरीद ली है, साथ ही खरीदी के दस्तावेज दिखाए। इसमें उनकी पत्नी की जगह पर किसी दूसरी महिला की तस्वीर थी।

उन्होंने इसकी शिकायत सरगांव थाने में की। थाने में कार्रवाई नहीं होने पर महिला ने मुंगेली एसपी कार्यालय में पूरे मामले की शिकायत की। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की जांच की। जांच के बाद पुलिस ने विनोबा नगर में रहने वाले विजय गुप्ता, फर्जी महिला और उसके पति व तिफरा पुलिस चौकी के पीछे रहने वाले भरत सोनी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब आरोपि की तलाश कर रही है।

# शिवनाथ नदी से रेत निकालते 8 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अवैध उत्खनन व परिवहन के विरुद्ध खनिज अमले ने दिन के साथ रात में भी कार्रवाई करते हुए शिवनाथ से रेत निकालते दो चैन माउंटेन मशीन सहित 8 वाहन जब्त किया है। खनिज विभाग ने शुक्रवार की रात ग्राम कुकुर्दीकला, अमलडीहा, उदयबंद, गतौरा, लोधीपारा, लोफंदी, सेंदरी, कछार निरतू और धुरीपारा मंगला क्षेत्र में खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की सघन जांच की।

- अवैध उत्खनन व परिवहन के विरुद्ध खनिज अमले की रात में दबिश

रात्रि लगभग 3 बजे पचपेड़ी क्षेत्र के ग्राम कुकुर्दीकला में शिवनाथ नदी के भीतर दो नग चैन मांउटेड मशीन को रेत के अवैध उत्खनन करते पाए जाने पर नदी के बाहर खड़ा कर जब्त किया गया और सील किया गया। इसके साथ ही दो लोड हाइवा को नदी के रास्ते मे फंसे होने के कारण चैन माउंटेड मशीन मालिक के सुपुर्दगी में दिया गया। एक हाइवा को खनिज रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जप्त कर पुलिस थाना पचपेड़ी की अभिरक्षा में रखा गया है। इसके साथ ही ग्राम गतौरा में मुरूम मिक्स चिल्ली पत्थर का अवैध परिवहन करते 2 ट्रेक्टर को जप्तकर पुलिस थाना सरकंडा के अभिरक्षा मे रखा गया है। इसके साथ ग्राम कछार मे खनिज रेत के अवैध परिवहन करते एक ट्रेक्टर को जप्त कर पुलिस थाना कोनी के अभिरक्षा मे रखा गया है। सभी के विरुद्ध खनिज नियमों के तहत कार्रवाई की जा रही है।


कार्रवाई करती खनिज विभाग की टीम।

### अनुकंपा नियुक्ति पूर्व मंगाई दावा-आपत्ति

**बिलासपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए प्राप्त आवेदनों की छानबीन के क्रम में 7 दिन के भीतर आमजनता से दावा आपत्ति मंगाई है। डीईओ ने बताया कि तखतपुर विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला सफरीभांठा में प्रधान पाठक के पद पर कार्यरत स्व. नरेश कुमार मरावी के परिवार से उनकी पुत्री हेमकुमारी मरावी, प्राथमिक शाला भाठापारा में प्रधान पाठक के पद पर कार्यरत स्व. राजेन्द्र कुमार बंजारे के पुत्र पवन कुमार बंजारे एवं मस्तूरी विकासखण्ड के कार्यालय विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी में भृत्य के पद पर कार्यरत स्व. बिसाहू राम चंदेल के पुत्र द्वारिका प्रसाद चंदेल ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया है। दिवंगत शासकीय सेवकों के आश्रित परिवारों में यदि कोई सदस्य राज्य अथवा केन्द्र की शासकीय सेवा में कार्यरत होने की सूचना है, तो वे पुरानी कम्पोजिट बिल्डिंग स्थित कक्ष क्र. 25, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा डाक के जरिए जानकारी दे सकते हैं।

# 2 दिनों से उमस ने किया हलाकान तापमान 32 डिग्री तक पहुंचा

**बिलासपुर।** जून महीना बिना बारिश के बीतने के बाद जुलाई माह के पहले सप्ताह में ही कोटे से 30 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज हो गई। लेकिन पिछले दो दिनों से धूप निकली और उमस के कारण लोग गर्मी से हलाकान होते रहे।

- जुलाई में अब तक 30% अधिक बारिश

इस बीच रविवार को मौसम विभाग ने अलग 24 घंटे में प्रदेश के 18 जिलों में एक बार फिर मानसून के सक्रिय रहने की संभावना के साथ ही 3 दिन का अलर्ट जारी किया है, लेकिन इस अलर्ट में बिलासपुर बाहर है। यानी एक बार फिर जिले के मानसूनी गतिविधियों पर ब्रेक लग गया है। ऐसे में तेज धूप और उमस से लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। रविवार को सुबह से ही आसमान साफ था। दोपहर में चटक धूप के साथ उसम भरी गर्मी ने परेशान किया, इस बीच अधिकतम तापमान 32.8 और न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री पर पहुंच गया। इधर मौसम विभाग ने बिलासपुर को छोड़ रायपुर सहित अन्य 18 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

3 मरीजों की हालत गंभीर, सिम्स में भर्ती कर चल रहा इलाज

# रतनपुर में फैला डायरिया, स्वास्थ्य विभाग को मिले 50 मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सकरी के बाद अब रतनपुर में भी डायरिया का प्रकोप लोगों को बीमार कर रहा है, क्षेत्र में खराब पानी की वजह से 50 से अधिक लोगों को उल्टी और दस्त की शिकायत के बाद अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जिसमें रतनपुर अस्पताल में 15 मरीज और 3 गंभीर मरीजों को सिम्स में भर्ती किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी रविवार को रतनपुर का दौरा किया है।

रतनपुर क्षेत्र के महामायापारा में रहने वाले 50 लोगों डायरिया की चपेट में आ चुके है। शनिवार की रात से बिगड़ते हालत को देखते हुए रविवार को स्वास्थ्य महकमें के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। इस दौरान सीएमएचओ डॉ प्रभात श्रीवास्तव और डीएचओ डॉ. विनोद तिवारी ने क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान के बीएमओ द्वारा टीम भेजकर इलाज जारी रखा गया। रविवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्षेत्र का सर्वे किया और घर-घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की, इस दौरान दवा का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने घरों में क्लोरिन की दवा का वितरण किया और मरीजों को एंटी डायरियल और अन्य दवा देकर आराम करने की सलाह दी है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को 50 में से 3 मरीजों की हालत गंभीर होने की जानकारी मिल, जिसके बाद उन्हें सिम्स के लिए रिफर कर दिया गया है, वहीं 15 लोगों का इलाज रतनपुर स्वास्थ्य केन्द्र में चल रहा है।



### नालियों में पाइप लाइन

जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम को सर्वे के दौरान घरों में लगे नल के कनेक्शन आसपास के नालियों से होकर गुजरते मिले हैं, जिसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई है। विभाग ने फिलहाल सभी को क्लोरिन की टेबलेट दी है और इसका इस्तेमाल करने का तरीका भी बताया है। साथ ही मरीजों को उबला पानी पीने के लिए भी कहा गया है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में गंदगी का आलम है जिसके चलते मरीज बीमार हो रहे है। सर्वे में करीब 250 घरों तक टीम पहुंच चुकी है, सोमवार को एक बार ओर आसपास के क्षेत्र में सर्वे किया जाएगा।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंच गई

बारिश के मौसम में डायरिया की समस्या हो जाती है, रतनपुर में 50 मरीज मिले हैं, जिनका इलाज किया जा रहा है, 3 गंभीर थे, उन्हें सिम्स भेजा गया है। मैं स्वयं भी मरीजों से मुलाकात कर चुका है, स्थिति ठीक है।

**-डॉ. प्रभात श्रीवास्तव**
सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152